संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 107 सोमवार 17 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### वाराणसी में 26 फरवरी तक गंगा आरती सांकेतिक रूप से होगी



**वाराणसी,16 फरवरी 2025(ए)।** विभिन्न घाटों पर दैनिक रूप से मां गंगा की आरती होती है, जिसे देखने के लिए दूसरे शहरों से भी भारी संख्या में लोग आते हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ के पलट प्रवाह के कारण वाराणसी में भीड़ बढ़ती जा रही है। इस कारण, 11 फरवरी से गंगा आरती को सांकेतिक रूप से संपन्न करने का निर्णय लिया गया था।अब यह स्थिति 26 फरवरी तक जारी रहेगी।

### पहला मेड-इन-इंडिया चिप इसी वर्ष



**मंत्री ने किया ये खुलासा**

**नई दिल्ली,16 फरवरी 2025(ए)।**सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में निर्मित पहला मेड-इन-इंडिया चिप इस वर्ष सितंबर या अक्टूबर में लॉन्च होगा।

### पूर्व विधायक लावू मामलातदार की मामूली बात पर हत्या

**कार से टक्कर के बाद ऑटो ड्राइवर ने किए ताबड़तोड़ वार**

**नई दिल्ली,16फरवरी 2025(ए)।** कर्नाटक के बेलगावी में गोवा के पूर्व विधायक लावू मामलातदार की ऑटो चालक के कथित हमले के बाद मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गोवा के पूर्व विधायक की कार खादेबाजार के पास एक ऑटो से टकरा गई। इसके बाद ऑटो ड्राइवर ने उनकी कार का पीछा किया और पूर्व विधायक पर हमला कर दिया।



### महाकुंभ जा रहे वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि



**स्थानीय प्रशासन हुआ अलर्ट**

**रीवा,16 फरवरी 2025(ए)।** मध्य प्रदेश प्रशासन ने पिछले 24 घंटों में रीवा में महाकुंभ के लिए जा रहे वाहनों की संख्या में वृद्धि के बाद अलर्ट जारी कर दिया है। रीवा,जो उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से सीमा साझा करता है, में सोशल मीडिया पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं, जो वीकेंड पर प्रयागराज की ओर बढ़ रही थीं।

### आरएसएस का क्या काम... संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक लाइन में दिया जवाब

**कोलकाता,16 फरवरी 2025(ए)।** संघ प्रमुख मोहन भागवत 10 दिनों के बंगाल दौरे पर हैं, यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। ये सभा कोर्ट की मंजूरी के बाद आयोजित हुई। उन्होंने दुनिया की विविधता को अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हिंदू समाज का मानना है कि एकता में ही विविधता समाहित है। संघ का उद्देश्य केवल हिन्दू समाज को एकजुट करना है।



### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट



**दो मजदूरों की मौत**

**नागपुर,16 फरवरी 2025(ए)।** महाराष्ट्र में नागपुर के काटोल तहसील के कोटवालबुडी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लग गई। इस घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नागपुर पुलिस ने विस्फोट में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है।

# रेलवे प्लेटफार्म में मची भगदड़ से 18 की मौत

» किसी का दम फूला तो किसी की हड्डी-पसली हुई एक...

» अस्पताल से निकलकर सामने आया भगदड़ में दबे लोगों का हाल...

**नई दिल्ली,16 फरवरी 2025 (ए)।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत और 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए। भगदड़ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे हुई। जिसके बाद मृतकों को दिल्ली के आरएमएल अस्पताल लाया गया। जो लोग घायल थे, उन्हें लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पतालों के सूत्रों के मुताबिक, घायलों और मृतकों का हाल जो बताया गया वह सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे।

**अस्पताल में घायलों का हाल**

आइए सबसे पहले भगदड़ में घायल हुए लोगों का हाल जान लेते हैं। भगदड़ में दबे घायलों को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि ज्यादातर मरीजों के निचले अंग में चोट लगी है और कुछ को हड्डियों में चोट लगी है। चार लोग निगरानी में हैं और बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। ज्यादातर मरीज फिलहाल स्थिर हैं। 15 डॉक्टरों की एक टीम घायल मरीजों की देखभाल कर रही है।



**नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत पर मुआवजे का ऐलान**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ में 14 महिलाओं समेत 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। इस घटना के प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान किया गया है। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख और मामूली चोटों वालों को 1 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

**दम घुटने से हुई लोगों की मौत**

वहीं, भगदड़ में मरने वाले 18 लोगों का शव आरएमएल अस्पताल में लाया गया था। जहां अस्पताल के एक स्टाफ सूत्र ने बताया कि अस्पताल में लाए गए ज्यादातर शवों के सीने और पेट में चोटें थीं और उनकी दम घुटने से मौत हुई थी। मालूम हो कि, ये खौफनाक हादसा प्लेटफॉर्म नंबर 13, 14 और 15 के बीच हुआ। जहां महाकुंभ जाने के लिए स्टेशन पर शाम 4 बजे से ही भीड़ जुटने लगी थी। लोग अपना समान लेकर स्टेशन पर पहुंचने लगे थे। रात को करीब 8:30 बजे प्रयागराज जाने वाली 3 ट्रेनें लेट हो गईं, जिसके बाद ट्रेन के इंतजार में स्टेशन पर इतनी भीड़ इकट्ठी हो गई कि गाड़ी का प्लटफॉर्म बदलते ही भगदड़ मच गई और भीड़ आउट ऑफ कंट्रोल हो गई।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुःख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों को संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इसके अलावा, इस हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

**हादसे की जांच को लेकर बनाई गई दो सदस्यीय कमेटी**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, विशेष सीपी रॉबिन हिब्बू, विशेष सीपी एलएंडओ रवींद्र यादव और संयुक्त सीपी विजय सिंह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे डीसीपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने दिल्ली पुलिस द्वारा तैयार की गई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर बैठक की। इधर, हादसे की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। जिसमें उत्तर रेलवे के दो अधिकारी नरसिंह देव और पंकज गंगवार को शामिल किया गया है। कमेटी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सभी सीसीटीवी वीडियो फुटेज को सुरक्षित करने का आदेश दिया है।

**घटना का परिदृश्य**

इस भगदड़ की घटना प्लेटफॉर्म 14 और 15 पर रात 10 बजे के आसपास हुई। बताया जा रहा है कि इस समय प्लेटफॉर्म पर महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की भीड़ अचानक बढ़ने से इस हादसे का प्रकोप हुआ। घायलों को इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**फालतू का है महाकुंभ,इसका कोई मतलब नहीं**

पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फालतू का है कुंभ, इसका कोई मतलब नहीं है। वहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर उन्होंने कहा कि दुखद घटना घटी है। हम मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, रेलवे की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। यह रेलवे का फेल्योर है। रेल मंत्री को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

**रेलवे का बयानः प्लेटफॉर्म नहीं बदला गया**

रेलवे ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को गलत बताते हुए कहा है कि किसी भी ट्रेन का प्लेटफॉर्म नहीं बदला गया था। रेलवे ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, सोशल मीडिया पर फैल रही जानकारी गलत है।

# दिल्ली बीजेपी विधायक दल की बैठक आज

» चुना जाएगा नए सीएम का नाम...

» 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह...

**नई दिल्ली,16फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली में सरकार गठन से जुड़ी इस वक्त की बड़ी खबर है। 17 फरवरी (सोमवार) को दोपहर 3 बजे से दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें दिल्ली का नया सीएम चुन लिया जाएगा। 18 फरवरी को शपथग्रहण समारोह होगा। ये जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। हालांकि शपथग्रहण समारोह बहुत बड़ा और भव्य नहीं होगा।




**दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली है प्रचंड जीत**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी को जीत हासिल हुई है और आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली में बीजेपी ने 70 में से 48 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि आप को सिर्फ 22 सीटें मिली हैं। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे दिग्गज चुनाव हार चुके हैं।

ऐसे में साफ है कि दिल्ली में अब बीजेपी का सीएम होगा। 27 साल बाद बीजेपी ने दिल्ली में वापसी की है लेकिन अब तक सीएम पद पर किसी नाम को लेकर मुहर नहीं लगी है। ऐसे में पूरे देश की नजरें इस फैसले पर टिकी हुई हैं कि 17 फरवरी को बीजेपी विधायक दल की बैठक में बीजेपी किसे अपना सीएम घोषित करती है।

हालांकि दिल्ली के कुछ नेताओं के नाम सीएम पद की रेस में बने हुए हैं, जिसमें केजरीवाल को नई दिल्ली सीट से हराने वाले प्रवेश वर्मा का नाम भी शामिल है। हालांकि बीजेपी किसके हाथ में सीएम पद की कमान देगी, ये तो वक्त ही तय करेगा।

### पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

**पटियाला,16 फरवरी 2025 (ए)।** अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए पटियाला के राजपुरा से दो युवकों को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि दोनों पर राजपुरा में 2023 में हत्या को लेकर एक एफआईआर दर्ज थी। जिसके बाद से ही दोनों फरार थे। गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों के नाम संदीप और प्रदीप हैं. फिलहाल गिरफ्तारी के बाद पटियाला पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर, अमेरिका से डिपोर्ट किए गए 8 गुजराती कुछ ही देर में अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंच रहे हैं। इस बार डिपोर्ट किए गए सभी 8 गुजराती महेसाणा और गांधीनगर जिले के रहने वाले हैं। जिसमें 6 पुरुष और 2 महिलाएं हैं। सभी को पुलिस सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से निकालकर उनके घर भेजा जाएगा।



### इस गांव के 500 ग्रामीणों ने लिया नेत्रदान का संकल्प



**अब तक 70 ने किया दान**

**तेलंगाना,16 फरवरी 2025(ए)।** तेलंगाना के हनुमाकोंडा जिले के मुचेरला गांव में नेत्रदान को लेकर एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। जहां आमतौर पर व्यक्तिगत स्तर पर नेत्रदान के फैसले लिए जाते हैं, वहीं इस गांव ने सामूहिक रूप से मृत्यु के बाद आंखें दान करने का संकल्प लिया है। इस सराहनीय पहल के तहत अब तक 70 से अधिक ग्रामीणों ने अपनी आंखें दान कर दूसरों की जिंदगी रोशन की है।

### आदिवासियों को साधने कांग्रेस का देशव्यापी कैंप अभियान




**एमपी में शिविर को लेकर आमने-सामने बीजेपी-कांग्रेस**

**भोपाल,16 फरवरी 2025(ए)।** कांग्रेस पार्टी देश भर में आदिवासियों को साधने की कवायद में जुटी हुई हैं। उसी क्रम में कांग्रेस द्वारा देश भर में आदिवासी प्रशिक्षण शिविर लगाएं जा रहे हैं। तेलंगाना से इसकी शुरुआत कांग्रेस ने की थी। अब आगे मध्य प्रदेश में इसका अगला कैंप लगेगा। इस शिविर के ज़रिए कांग्रेस आदिवासी समाज के पीड़ितों को न्याय दिलाएगी इसके अलावा जो लोग आर्थिक रूप से कमज़ोर हैं उनके लिए पार्टी कोर्ट की लड़ाई भी लड़ेगी।

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने बताया कि हम आदिवासियों की लड़ाई के लिए सड़क पर उतरेंगे। ज़्यादातर आदिवासियों को प्रताड़ित करने में भाजपा की भूमिका है,इसको लेकर भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी का कहना है कि हमने आदिवासियों के कल्याण के लिए सबसे ज़्यादा काम किया हैं।



### शिवाय के किडनैपर एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार

**ग्वालियर,16 फरवरी 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 6 साल के शिवाय का अपहरण करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने एक एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 13 फरवरी की है, जब शिवाय को स्कूल बस छोड़ने जा रही उसकी मां आरती गुप्ता की आंखों में मिर्च झोंककर बाइक सवार बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था।

### ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ने ताजमहल का किया दीदार



**उनकी सास सुधा मूर्ति आई नजर**

**नई दिल्ली/आगरा,16 फरवरी 2025(ए)।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शनिवार को अपने परिवार के साथ आगरा पहुंचे और शाम के समय ताजमहल की सुंदरता का आनंद लिया। वे अपनी पत्नी अक्षता, सास सुधा मूर्ति और दोनों बेटियों कृष्णा और अनुष्का के साथ ताजमहल गए, जहां उन्होंने लगभग एक घंटा बिताया। सुनक ने सफेद शर्ट और काले पैंट पहनकर अपनी बेटियों को ताजमहल के इतिहास के बारे में बताया, जबकि सुधा मूर्ति और अक्षता ने गाइड से ताज के निर्माण और इससे जुड़ी कहानियों के बारे में जानकारी ली।



### डरा हूं,लेकिन भाग नहीं रहा हूंः रणवीर अल्लाहबादिया का बयान

**नई दिल्ली,16 फरवरी 2025(ए)।** यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया, जो हाल ही में वास्तविकता शो पर किए गए अशिष्ट टिप्पणियों के चलते विवाद के केंद्र में हैं, ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि वे मौत के धमकियों से घिरे हुए हैं। मुझे डर लग रहा है...लेकिन मैं भाग नहीं रहा हूं, उन्होंने कहा। उन्होंने आगे बताया, मैं लोगों से मौत के धमकियां प्राप्त कर रहा हूं, जो कह रहे हैं कि वे मुझे मार देंगे और मेरे परिवार को नुकसान पहुंचाएंगे।

### पश्चिम बंगाल के कुछ क्षेत्रों में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में बढ़ोतरी

**कोलकाता,16 फरवरी 2025(ए)।** पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने राज्य के कुछ क्षेत्रों में विरोधी राष्ट्रीय गतिविधियों में वृद्धि का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए अधिकारी ने कहा, पश्चिम बंगाल के कुछ क्षेत्रों में विरोधी राष्ट्रीय गतिविधियों में वृद्धि हुई है। पिछले 2-3 महीनों में असम पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा कई बांग्लादेशियों, रोहिंग्या और उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। 50-55 विधानसभा सीटों और 30-35 पुलिस स्टेशनों वाले क्षेत्रों में जनसांख्यिकी में बदलाव आया है... ममता बनर्जी इसके लिए सीधे जिम्मेदार हैं। वे पश्चिम बंगाल के रूप में पुलिस मंत्री (गृह मंत्री) के रूप में असफल रही हैं, उन्होंने जोर देकर कहा।



## संपादकीय

# मस्क और ट्रंप को बड़ा झटका

अमेरिकी अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नीति विभाग की संवेदनशील जानकारी हासिल करने पर रोक लगा दी है। संघीय न्यायाधीश ने पूंजीपति एलन मस्क नीति सरकारी दक्षता विभाग को वित्त विभाग के रिकार्ड हासिल करने पर रोक लगाई जिसमें लाखों अमेरिकियों की सामाजिक सुरक्षा व बैंक खाता संबंधी संवेदनशील जानकारी व डेटा शामिल हैं। यह आदेश उन्नीस डेमोक्रेटिक अटॉरनी जनरलों द्वारा ट्रंप पर दायर किये गये मुकदमे के बाद जारी किया। एक अन्य संघीय अदालत ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी के हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के आदेश पर अस्थाई रोक लगा दी। अदालत का कहना है कि ट्रंप प्रशासन ने संघीय कानून का उल्लंघन करते हुए मस्क की टीम को वित्त विभाग की केंद्रीय भुगतान प्रणाली तक पहुंचने की अनुमति दी जिसके तहत रिफंड, सामाजिक सुरक्षा लाभ, पूर्व सैनिकों को लाभ समेत तमाम जिम्मेदारियां आती हैं। यह प्रति वर्ष लाखों-करोड़ों डॉलर का लेन-देन करती है। ट्रंप के सत्ता संभालते ही उनके प्रशासन ने सरकारी फिजूलखर्ची का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए मस्क के नेतृत्व में सरकारी दक्षता विभाग यानी डीओजीआई का गठन किया था। हजारों विदेशी कर्मचारियों को तीस दिन के भीतर परिवार समेत लौटने के आदेश को रोकते हुए अदालत ने इसे जल्दबाजी में किया गया फैसला बताया। अदालत का यह रुख दिग्गज कारोबारी मस्क और ट्रंप, दोनों को बड़ा झटका माना जा रहा है। राष्ट्रपति चुनाव से पूर्व ही मस्क ने ट्रंप के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। राष्ट्रपति बनते ही रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप के इमीग्रेशन, टैरिफ, जलवायु समझौते और विश्व स्वास्थ्य संगठन से पांव खींचने जैसे चौंकाने वाले फैसलों पर दुनिया हतप्रभ थी। उनके तेवरों से विपक्ष ही नहीं, विश्व समुदाय भी आशंकित है।उन्होंने कहा है कि हम युद्ध में नहीं पड़ेंगे, शांति लायेंगे जबकि यूक्रेन का जिक्र भी नहीं किया, न ही गाजा के विषय में कुछ स्पष्ट किया। अमेरिका महंगाई के साथ कानून-व्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिकी व्यवस्था में अदालतों के अधिकारों को चुनौती देना आसान नहीं है। मगर ट्रंप दूसरे कार्यकाल में पूर्वाग्रहों से भरे एजेंडों को लेकर काफी आक्रामक हैं। न सिर्फ बजिद नजर आ रहे हैं, बल्कि अपने मंसूबों को लेकर अड़े भी हुए हैं।

# महाकुम्भ में स्नान से ज्यादा जरुरी है मन की पवित्रता



संजय गोस्वामी
मुंबई,महाराष्ट्र


मान्यता है कि महाकुम्भ में प्रयागराज में संगम, गंगा नदियों के संगम में स्नान करने से पापों का नाश होता है, पुण्य मिलता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है। यहां हर वर्ष माघ मेला, हर छह साल में अर्ध कुंभ और हर 12 साल में पूर्णिमा कुंभ का आयोजन होता है तथा 144 साल बाद महाकुंभ का आयोजन होता है। 12 पूर्णिमा कुंभ के बाद ही महाकुंभ का आयोजन होता है। 2025 के बाद अगला महाकुंभ इक्कीसवीं सदी में आयोजित होगा। महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में ही होता है। कुंभ आयोजन के दौरान दुनिया के कोने-कोने से संत और लाखों श्रद्धालु संगम में पवित्र स्नान के लिए यहां आते हैं। इस समागम में मुख्य रूप से तपस्वी, संत, साधु, साध्वी, कल्पवासी और सभी क्षेत्रों के तीर्थयात्री शामिल होते हैं मान्यता के अनुसार संगम में पवित्र स्नान से मनुष्य के पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कुंभ मेले की शुरुआत की कहानी पौराणिक कथाओं में समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हुई है। पुराणों के अनुसार जब दुर्वासा ऋषि के श्राप के कारण देवता शक्तिहीन हो गए और दैत्यराज बलि ने तीनों लोकों का स्वामी हो गया,तब देवता भगवान विष्णु के पास गए और प्रार्थना कर उन्हें अपनी समस्या बताई और मदद मांगी। इस पर भगवान विष्णु ने देवताओं को दैत्यों के साथ मिलकर समुद्र मंथन कर अमृत प्राप्त करने की सलाह दी। भगवान विष्णु की सलाह पर देवताओं ने दैत्यों से संधि कर ली। दैत्य भी समुद्र मंथन के लिए तैयार हो गए और विशाल मंदराचल पर्वत को मथनी और वासुकि नाग को रस्सी बनाया गया। वासुकि नाग को मंदराचल पर्वत के चारों ओर लपेटकर देवताओं और दैत्यों ने समुद्र मंथन शुरू किया। समुद्र मंथन से हलाहल विष, कामधेनु गाय, उच्चैःश्रवा घोड़ा, ऐरावत हाथी, कौस्तुभ मार, कल्पवृक्ष और अन्य रत्न निकले। भगवान महादेव ने विष को पी लिया और उसे अपने कंठ में धारण कर लिया ताकि ब्रह्मांड की रक्षा हो सके। विष को धारण करने से शिव नीलकंठ कहलाए। समुद्र मंथन के अंत में जैसे ही अमृत कलश निकला देवताओं और दानवों के बीच महायुद्ध छिड़ गया। कथा के अनुसार अमृत कलश छलकने लगा और अमृत की कुछ बूंदें धरती पर गिर गईं। अमृत की ये बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार,उज्जैन और नासिक में गिरी थीं, तभी से इन स्थानों पर हर 12 साल में कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। चारों स्थानों पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति के गोचर के अनुसार हर 12 साल में कुंभ का आयोजन होता है। इस युद्ध में देवताओं ने असुरों को हराकर विजय प्राप्त की। इसके बाद देवताओं ने भगवान विष्णु को धन्यवाद दिया और अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। भगवान विष्णु ने देवताओं को आशीर्वाद दिया और उन्हें हमेशा के लिए अमरता प्रदान की। कुंभ मेला एक ऐसा आयोजन है जिसमें खगोल विज्ञान, ज्योतिष, अध्यात्म, कर्मकांड परंपराओं और सामाजिक सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ प्रथाओं का समावेश होता है, जो इसे ज्ञान के मामले में बेहद समृद्ध बनाता है। कुंभ मेले में सभी धर्मों के लोग आते हैं, जिनमें साधु और नागा साधु भी शामिल हैं जो साधना करते हैं और आध्यात्मिक अनुशासन के सख्त मार्ग का पालन करते हैं; संन्यासी जो अपना एकांत छोड़कर केवल महाकुंभ मेले के दौरान सभ्यता का भ्रमण करने आते हैं।



निश्चित रूप से विशेष है अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं और ना जाने का मलाल बहुत से भक्त को हो सकता है लेकिन आप दुःखी ना हो मैंने भी डुबकी नहीं लगाई है । देखिए आप मन को पवित्र रखें इसी पर यू-ट्यूब पर वीडियो देख रहा था जहाँ प्रयागराज में गंगा में डुबकी लगा रहे भक्त को भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती देख रही थी माता ने पूछा क्या डुबकी लगा लेने से मात्र पाप धूल जाते हैं। क्या वाकई माँ गंगा में इतनी ताकत है कि सभी के पाप को हर लें तभी शिव जी ने पार्वतीजी को बताया कि स्नान करने से शरीर के बाहरी गन्दगी तो दूर हो सकती है लेकिन अंदर की नहीं। पापों का प्रायश्चित कर जब तक धार्मिक कार्य हेतु हमेशा तत्पर नहीं होता तो अंदर के दोष या विकार कैसे नष्ट हो सकता है । इसे इस तरह समझ सकते हैं। आपने चोरी की और पाप हो गया लेकिन यदि अपनी गलती को सुधारकर जिसका धन चुराया है वो वापस नहीं कर देते तब तक आपके मन के अंदर डर बना होता है और डर ही पाप की सज़ा है जिससे आप अपने जीवन में ख़ुशी रहने के बजाय अंदर से हमेशा दुःखी रहते हैं। मैं इन डुबकी पर विश्वास नहीं करता है। ऐ आपके मन के अंदर संतुष्ट होने का एक उपाय है। एक बात सोचिये जब समुद्र मंथन हुआ और विष को भगवान शंकर ने अमृत समझकर पिया तो कंठ तक अटकाने में या उनकी रक्षा करने में माँ पार्वती का ही चमत्कार था अतः भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का प्रेम अमर है भगवान श्री गणेश जी के गर्दन काटने के बाबजूद उन्हें जोड़ कर मंगलमूर्ति बना दिया । अतः जो तोड़ कर जोड़ना भी जानता हो वही असली शिव है जो अविनाशी है। मान लें आपको कहीं नहीं जाना पसंद है तो ऐ आपकी मर्जी लेकिन आपने अच्छा कर्म किया है तो डरने की जरुरत नहीं है। ना कहीं जाने की जरुरत है गुरूनानक जी को उनके पिताजी ने कुछ पैसा देकर कुछ अच्छा चीज लाने को कहा ताकि व्यापार में मुनाफा हो लेकिन उन्होंने देखा रास्ते में बहुत से गरीब लोग भूख से तड़प रहें हैं तो सारा धन उन्होंने उनको खिलाने में लगा दिया और उनके पिताजी ने पूछा ऐ क्या किया नानक। गुरुनानक जी कहते हैं यही हैं सच्चा सौदा गरीबो की भलाई और तब से आज तक लंगर की प्रथा चल पड़ी और सबसे बड़ी सेवा है। जो सभी धर्मों में लिखा है भला करना। जब समुद्र मंथन में अमृत मिला तो असुर व देवताओं में इसे पाने के लिए 12 दिनों तक भीषण युद्ध हुआ और छिना झपटी के कारण उसकी कुछ बुंदे 4 जगहों में गिरी । एक बात ध्यान देने योग्य है मान लीजिये दो व्यक्ति किसी चीज के लिए छिना झपटी करते हैं और कुछ गिर जाता है तो मालूम नहीं होता आखिर किसका है। यही कारण है महाकुम्भ में जाने के लिए टिकट, होटलो,पंडालो और वाहनों तक छिना झपटी हो रही है और स्नान करने में भी जिससे हाल ही में कई लोग भीड़ से कुचल दिए गए। आप विचार शुद्ध रखिए और अच्छा कर्म करें यही काफी है। बाहरी शुद्धिकरण से ज्यादे जरुरी है मन की शुद्धता और कर्म करना। कुछ दिन पहले मेरे किसी अपने ने कुम्भ से स्नान कर आये थे मैरी उस समय तबियत ख़राब थी अनजाने में कुछ भला बुरा कहा होगा लेकिन खेद प्रकट किया। उस दिन सुबह मेरी हालत बहुत ख़राब थी और मेरा बीपी इतना अधिक हो गया कि जैसे सर फट जायेगा और तुरन्त अस्पताल गया और शायद मेरे जीवन में ऐसी घटना पहली बार थी। ईश्वर की कृपा थी बच निकला। बाद में उसके पास जाकर सुलह की कोशिश की लेकिन तबियत पूछने के बजाय अपनी ही दास्ताँ सुनाने लगी मैं समझ गया कुम्भ जाने के बाद भी विचार में परिवर्तन नहीं हुए तो क़ोई फायदा नहीं है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# स्त्रियों के प्रति रुढ़िवादी मानसिकता देश के हित में नहीं



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़

बालिकाओं और स्त्रियों को केवल दया का पात्र समझकर उन्हें घर की चारदीवारी में ना रखें। अब समय आ गया है कि बालिकाओं को प्रारंभ से और स्त्रियों को उचित मार्गदर्शन,प्रोत्साहन देकर परिवार समाज और राष्ट्रीय सहभागिता की मुख्यधारा में उत्तरोत्तर सहभागी बनाना चाहिए। आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है । नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन



भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित-प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

# शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन

आवश्यक है कि विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ परीक्षाओं में सफलता का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर न किया जाए, बल्कि छात्रों की संपूर्ण योग्यता और कौशल को ध्यान में रखा जाए। जब शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन बनेगा, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव होगा।देश में वार्षिक परीक्षाएँ छात्रों के भविष्य को निर्धारित करने का प्रमुख माध्यम हैं। लेकिन हाल के वर्षों में, शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान अर्जन से हटकर केवल उच्च अंक प्राप्त करने तक ही सीमित होता जा रहा है। खासकर देहाती क्षेत्रों के विद्यार्थी अब नियमित कक्षाओं में पढने़ की बजाय कोचिंग सेंटरों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, क्योंकि वहाँ कम समय में अधिक अंक प्राप्त करने के आसान तरीके बताए जाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के समग्र विकास के लिए भी एक चुनौती बनती जा रही है।देश के गाँवों के छात्रों में एक नई होड़ देखी जा रही है। देहाती छात्र काफ़ी मात्रा में विद्यालय से विमुख हो रहे हैं। इसके पीछे शिक्षा प्रणाली की कई खामियाँ ज़िम्मेदार मानी जा सकती हैं। इनमें अहम हैं ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और अपर्याप्त शिक्षण सामग्री के कारण विद्यार्थी नियमित कक्षाओं में रुचि नहीं लेते। इसके अलावा कोचिंग संस्कृति का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि छात्रों को लगता है कि विद्यालय में पढने़ की तुलना में कोचिंग सेंटरों में परीक्षा के लिए विशेष तरीके सिखाए जाते हैं। जिससे वे कम समय में अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं। यह धारणा दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।इतना ही नहीं गाँव के भोले भाले युवकों को लुभाने की मंशा से कई कोचिंग सेंटर यह दावा भी करते हैं कि वे छात्रों को परीक्षा में अधिक अंक दिलाने में मदद करेंगे। जिससे अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की बजाय कोचिंग में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित होते हैं। ऐसे में यदि शिक्षक भी उदासीन रवैया अपनाना शूर कर दें तो वह आग में घी का काम करता है। ऐसा भी देखने में आया है कि ग्रामीण इलाक़ों के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी या उनकी लापरवाही के कारण कक्षाओं का स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में छात्र कोचिंग का विकल्प चुनने को मजबूर हो जाते हैं।आज से कई वर्ष पूर्व थ्री इडिअट्स' फ़िल्म में भी यह दिखाया गया था कि अधिक अंकों की होड़ का छात्रों पर काफ़ी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जबकि होना यह चाहिए कि अगर हर नौजवान को अपने दिल की आवाज सुनकर अपनी जिंदगी की राह तय करनी चाहिए। यदि वो अइस करता है तो वह खुश भी होता है और सही मायने में सफल भी। केवल ज्यादा पैसे कमाने के लिए बिना समझे रट्टा मारने वाले कोल्हू के बैल ही होते हैं। जिनकी जिंदगी में रस नहीं आ पाता। यही कारण है कि आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़कर सैकड़ों नौजवान आज देश में ऐसे काम कर रहे हैं जिसका उनकी डिग्री से कोई लेना देना नहीं है।मसलन झुग्गियों में बच्चों को पढ़ाना, आध्यात्मिक आन्दोलनों में भगवतीता का प्रचारक बनना या गांव के नौजवानों के लिए छाटे-छोटे कुटीर उद्योग स्थापित करने में मदद करना। दूसरी तरफ इंजीनियरिंग की डिग्री की भूख इस कदर बढ़ गयी है कि एक-एक शहर में दर्जनों प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेज खुलते जा रहे हैं। जिनमें दाखिले का आधार योग्यता नहीं मोटी रकम होता है। इन कॉलेजों में योग्य शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी रहती है। फिर भी यह छात्रों से भारी रकम फीस में लेते हैं।बेचारे छात्र अधिकतर ऐसे परिवारों से होते हैं जिनके लिए यह फीस देना जिंदगी भर की कमाई को दाव पर लगा देना होता है। इतना रूपया खर्च करके भी जो डिग्री मिलती है उसकी बाजार में कीमत कुछ भी नहीं होती। तब उस युवा को पता चलता है कि इतना रूपया लगाकर भी उसने दी गयी फीस के ब्याज के बराबर भी पैसे की नौकरी नहीं पाई। तब उनमें हताशा आती है। आज हालत यह है कि यों की दुकानों पर सेल्समैन का काम कर रहे हैं। समय और पैसे का इससे बड़ा दुरूपयोग और क्या हो सकता है?इसलिए समझ की बजाय रटने की प्रवृत्ति को समाप्त करने में ही समझदारी है। लेकिन देखा यह गया है कि कुछ कोचिंग संस्थान परीक्षा पास कराने के लिए रटने पर जोर देते हैं। जिससे छात्रों की तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित नहीं हो पाती। ऊपर से कोचिंग सेंटरों की बढ़ती फीस ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एक अतिरिक्त बोझ बन रही है। सोचने वाली बात यह है कि जब छात्र स्कूल की पढ़ाई को महत्व नहीं देते, तो विद्यालयों की गुणवत्ता और भी गिरती जाती है। इससे शिक्षा प्रणाली कमजोर होती है। वहीं परीक्षा में अच्छे अंक पाने के दबाव में कई छात्र नकल और अन्य अनुचित तरीकों का सहारा भी लेने लगते हैं।ऐसे में विद्यालयों की शिक्षा और गुणवत्ता में सुधार की बहुत ज़रूरत है।

**-रजनीश कपूर-**

# केजरीवाल और आप का राजनीति का नशा उतरा

कहते हैं वक्त ख़राब हो तो ऊँट पर बैठे आदमी को भी कुत्ता काट लेता है। दिल्ली विधानसभा के इन चुनावों में लगता है अरविंद केजरीवाल केजरीवाल और उनकी पार्टी आप के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ दिखा।दिल्ली में लोगों और ख़ासकर महिलाओं को केजरीवाल ने जो सुविधाऐं मुहैया कराई उनसे ज़्यादा उन्होंने भविष्य में मिलने का वादा की गई सुविधाओं पर भरोसा कर भाजपा को उम्मीद से ज़्यादा वोट दिए।या यूँ कहिए कि मोदी है तो मुमकिन हुआ पर साथ ही यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आप पार्टी के पिछले तीन चुनावों से मोदी प्रधानमंत्री हैं पर तब क्यूं नहीं मोदी मुमकिन कहना सार्थक हो सका ।तभी इन चुनावों में केजरीवाल की हार के बाद यह कहावत भी सटीक है कि वक्त तो ऊँट पर बैठा नेता केजरीवाल चुनाव हार गए।दिल्ली में महिलाओं को मिल रहीं सुविधाएँ गर्भ में चलीं गई भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं पर भरोसा हुआ और ऐसा कि एक दशक से सत्ता में बैठे केजरीवाल और उनकी पार्टी का राजनीति का नशा उतर गया।महिलाओं ने पुरुषों से कहीं अधिक वोट भाजपा डाल जता दिया कि केजरीवाल को देखलिया अब भाजपा को देखेंगे। महिलाओं ने जहां 61.92 फ़ीसद वोट डाले वहीं पुरूषों ने 60.21 ही वोट डाले। यही नहीं वोटिग में भी महिलाएँ आगे रहीं।तभी कहा जा रहा है कि भाजपा की इस जीत में महिला फ़ैक्टर ज़्यादा रहा। अब भले 2020 के चुनाव में आप पार्टी ने महिलाओं को बसों में मुफ़्त यात्रा सुविधा दी और यह आप की जीत का आधार बना था।और इस बार भी महिलाओं की लिए सुविधाओं का पिटारा खुलना था जिसमें फ़्री बस के अलावा महिला सम्मान योजना में 2100 रूपये हर महीने देने का वादा था।यही नहीं कांग्रेस की तरफ़ से भी 2500 रूपये हर महीने देने का वादा था और साथ ही गरीब महिलाओं को 500 में सिलेंडर के अलावा त्योहार पर पर फ़्री गैस सिलेंडर के अलावा 2100 रूपये भी देने का वादा था।लेकिन भाजपा की ओर से बुजुर्गों को पेंशन,2000 रूपये हर महीने से बढ़ाकर 2500 के अलावा पेंशन राशि बढ़ाने के साथ ही झुग्गी बस्ती में अटल कैंटीन और फिर मोदी की गारंटी पर पर ज्या भरोसा कर भाजपा के लिए वोट दिए। और



भाजपा ने 70 में 48 सीटें जीतीं।भला हो दिल्ली के लोगों और ख़ासकर महिलाओं का कि भाजपा उनसे किए गए वादें को पूरा करें और अगले चुनावों के लिए अपनी ज़मीन पक्की पर अगर इन वादों और केजरीवाल की योजनाओं को जारी रखने का वादा पूरा करने की बजाए इन्हें पिछले चुनावी वादों की तरह चुनावी जुमला करार दे दिया गया तो क्या तो होगा वादों का और कैसे कहेंगे लोग कि मोदी है तो मुमकिन है ।विधानसभा चुनावों में 70 सीटों में से 48 सीटें जीतने वाली भाजपा के सामने अब दिल्ली का मुख्यमंत्री चुनने की चुनौती है।यूँ सीएम बनने की चाहत में दिल्ली भाजपा के पुराने और धुरंधर नेता चुनाव जीतने के बाद से गणेश पर्क्रिमा लगे हैं।माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के फ़्रांस और अमेरिका के दौरे के बाद यानी 15 फ़रवरी तक सीएम के नाम का एलान हो सकेगा। और जीते हुए विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह भी इसी दौरान होगा।कहा जा रहा है कि सीएम बनाते समय बिहार और फिर यूपी में होने वाले चुनावों में पार्टी की चुनौतियों को भी ध्यान रखा जाना है।इस हिसाब से सांसद मनोज तिवारी भी इस क़तार में माने जा रहे हैं। जबकि दावा अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली से हराने वाले प्रवेश वर्मा के समर्थक भी दबाव बनाए हुए हैं।यह अलग बात है कि सीएम की लाईन में जनकपुरी से जीते वरिष्ठ नेता आशीष सूद ,मालवीय नगर से जीते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय,रोहिणी से जीते और विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंदर गुप्ता,और संघ की पृष्ठभूमि से निकले पवन शर्मा भी शामिल हैं। पर दारोमदार आकाओं के हवाले है।दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों को मनोज तिवारी को सीएम बनाए की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के सातों में से अकेले मनोज तिवारी को ही टिकट दिया गया था और जीते भी।शालीन और मृदुभाषी तिवारी विवादों में भी कम ही रहे है। चर्चा तो है कि राजस्थान,एमपी और दूसरे राज्यों की तरह सीएम के किए गए सिलेक्शन की तरह दिल्ली में कोई चौंकाने वाला नाम इस पद के लिए लाया जा सकता है।भला किसकी परिक्रमा सफल रहती है और सीएम कौन बनाया जाता है सीएम पर सीट पर बैठने के साथ ही चुनौतियाँ भी शुरू हो जानी हैं ख़ास यह भी कि विपक्ष केजरीवाल सरीखे खूंसट और उनके साथियों का रहना है।विधानसभा की हॉट सीटों में से एक कालकाजी सीट से जीतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को अपनी जीत के लिये वोटरों के अलावा प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रमेश विधूडी और कांग्रेस की अलका लांबा का भी शुक्रगुज़ार करना चाहिए।इनमें से भी रमेश बिधूडी का ख़ासतौर से। भाजपा के सांसद रहे बिधूडी अपने व्यवहार और बेबाक़ी के लिए पहचाने जाते रहे हैं भले संसद हो या फिर विधानसभा चुनाव सीट।जिस तरह उन्होंने पिछले दिनों संसद में अपने ही एक साथी को गरिआया उसी तरह उन्होंने इन चुनावों में दिल्ली की मुख्यमंत्री और इस चुनाव में कालकाजी से आप पार्टी की दावेदार और उनकी प्रतिद्वंद्वी आतिशी को भी उन्होंने खूब गरिआया ।संसद में उनकी बेबाक़ी को तो पार्टी ने अनदेखा कर दिया था पर शायद दक्षिण दिल्ली की इस सीट के वोटरों को उनका मिज़ाज भाया नहीं। और जबाव उन्हें अपने वोट से दिया।सच पूछे तो इस हार के बाद वे दिल्ली का सीएम बनने की इच्छा से चूक गए। वरना तो बिधूडी का चेहरा सीएम के बाक़ी चेहरों से कोई कम नहीं था। कमोवेश ऐसा ही कांग्रेस की अलका लांबा के साथ कांग्रेसी नेताओं के व्यवहार से भी आतिशी को राहत मिली। यह अलग बात है कि अलका को उनके विधानसभा क्षेत्र से बाहर लड़ाया गया ,वे हारीं और इसका लाभ आतिशी को सौ फ़ीसद मिला।पर कोई कहे कि अलका हारीं तो अलका जीत सकतीं थी बशर्ते कांग्रेसी साथ देते। पर कौन जानता था कि अलको को हराने और एक कांग्रेसी नेता की यह इच्छा पूरे करने के लिए कि अलका को 5000 से ज़्यादा वोट नहीं मिल सकें ने अलका की जीत की कोशिश पर विराम लगा दिया।

**-अनिल चतुर्वेदी-**

## कविता
## शीतलहर की कहे कथाएँ

घटती-घटना



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर हिसार
हरियाणा

महाभारत हो रहा फिर से अविराम।
आओ मेरे कृष्णा,आओ मेरे श्याम॥
शकुनि चालें चल रहा है,
पाण्डुपुत्रों को छल रहा है।
अधर्म की बढ़ती ज्वाला में,
संसार सारा जल रहा है। ।
बुझा डालो जो आग लगी है,
प्रेम-धारा बरसाओ मेरे श्याम॥
शासक आज बने शैतान,
मूक, विवश है संविधान।
झूठ तिलक करवा रहा,
खतरे में है सच की जान।।
गूंज उठे फिर आदर्शी स्वर,
मोहक बांसुरी बजाओ मेरे श्याम॥
दुः शासन की क्रूर निगाहें,
भरती हर पल कामुक आहें।।
कदम-कदम पर खड़े लुटेरे,
शीलहरण की कहे कथाएँ।।
खोए न लाज कोई पांचाली,
आकर चीर बढ़ाओ मेरे श्याम॥
आग लगी नंदन वन में,
रूदन हो रहा वृंदावन में।
नित जन्मते रावण-कंस,
बढ़ रहा पाप भुवन में।।
मिटे अनीति, अधर्म, अंधकार सारे,
आकर आशादीप जलाओ मेरे श्याम॥

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# त्रिस्तरीय पंचाययत चुनाव का पहला चरण का मतदान आज

## पहले चरण में विकासखंड अम्बिकापुर,लखनपुर,उदयपुर में होगा मतदान,चुनाव कराने सामग्री लेकर मतदान दल पहुंचे मतदान केन्द्र






-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण मतदान सोमवार को होगा। इसके लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। पहले चरण में विकासखंड अंबिकापुर, लखनपुर एवं उदयपुर में चुनाव होना है। इसके लिए रविवार को मतदान सामग्रियों के साथ सुरक्षित वाहन द्वारा मतदान दल को बूथों के लिए रवाना किया गया। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 18 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पंचायत मतदान हेतु कुल 2835 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें रिजर्व 168, अतिरिक्त रिजर्व 70 अधिकारी कर्मचारी को नियुक्त किया गया है, जनपद पंचायत अम्बिकापुर में 1345, रिजर्व 88, अतिरिक्त रिजर्व 42 अधिकारी कर्मचारी हैं। जनपद पंचायत लखनपुर में 860, रिजर्व 40, अतिरिक्त रिजर्व 20 अधिकारी कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। जनपद पंचायत उदयपुर में 630, रिजर्व 40, अतिरिक्त रिजर्व 8 अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 1134 से अधिक पुलिस एवं नगरसेना के जवानों को तैनात किया गया है। अम्बिकापुर में 84 बस एवं 30 छोटे वाहन, उदयपुर में 32 बस,12 छोटे वाहन, और लखनपुर में 33 बस एवं 22 छोटे वाहनों की व्यवस्था की गई है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में चार रंगों के मतपत्र से मतदान होंगे। जिसमें पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला, जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग निर्धारित किए गए हैं। पहले चरण में जिला पंचायत सदस्य हेतु क्षेत्र क्रमांक 1 से 7 तक निर्वाचन होगा। जिसमें क्षेत्र क्रमांक 1 में 2, 2 में 4, 3 में 6, 4 में 9, 5 में 9, 6 में 10 और 7 में 6 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में है।

### 25 पदों के लिए 164 अभियार्थी

अम्बिकापुर जनपद पंचायत सदस्य के लिए 25 पदों के लिए 164 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। कुल 101 ग्राम पंचायत है। जिसमें 2 ग्राम पंचायत निर्विरोध सरपंच चुने गए हैं। ग्राम पंचायत मेण्ड्राखुर्द से हीरामणि सोन पाकर, ग्राम पंचायत बलसेड़ी से हुपलाल सिंह निर्विरोध हैं। वहीं शेष 99 ग्राम पंचायत में सरपंच पद हेतु 491 अभ्यर्थी, पंच के कुल 1414 पद हैं जिसमें 658 पदों में निर्विरोध एवं 15 पद रिक्त हैं। शेष 741 पंच के लिए 1764 अभियार्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद पंचायत अम्बिकापुर में पुरुष मतदाता 62,771 एवं महिला मतदाता 64,814 एवं थर्ड जेंडर मतदाता 3 है। इस प्रकार कुल 1,27,588 मतदाता मतदान करेंगे। जिसके लिए 269 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### 13 पद हैं जिसमें 73 अभ्यर्थी

उदयपुर जनपद पंचायत में सदस्य पद के कुल 13 पद हैं जिसमें 73 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं, सरपंच के 59 पद हेतु 263 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, पंच पद के लिए कुल 732 अभ्यर्थी हैं। जिसमें से 354 पद निर्विरोध, शेष 378 पद हेतु 892 अभ्यर्थी चुनाव में भाग ले रहे है। पुरूष मतदाता 30279, महिला 30563 एवं थर्ड जेंडर 2 हैं। विकासखंड में कुल 60842 मतदाता है। जिसके लिए कुल 126 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### 18 पदों के लिए कुल 125 अभ्यर्थी

लखनपुर जनपद पंचायत में जनपद सदस्य हेतु 18 पद हैं जिसमें कुल अभ्यर्थी 125 चुनाव लड़ रहे हैं। सरपंच पद हेतु कुल 74 पद हैं। जिसमें 3 ग्राम पंचायत निर्विरोध चुने गए हैं। जिसमें ग्राम पंचायत गणेशपुर से वृक्षमनिया, ग्राम पंचायत गुमगराकला श्रीमती कलावती सिंह उर्रे, और ग्राम पंचायत परीं से श्रीमती मानकुमारी सिंह निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं 1 पंचायत में रिक्त पद हैं। शेष 70 ग्राम पंचायत में 271 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। पंच हेतु कुल 970 पद हैं जिसमें 517 पद निर्विरोध चुने गए हैं। 7 नामांकन खारिज हुए वहीं 16 स्थानों पर नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किए गए। शेष 430 पदों पर 987 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। पुरुष मतदाता 42703, महिला मतदाता 43516 हैं, इस प्रकार कुल मतदाता 86220 हैं। जिसके लिए 172 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## टूरिस्ट वाहन हुई दुर्घटनाग्रस्त,बालबाल बचे यात्री




-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
उदयपुर थाना से पूर्व सेन तालाब के पास टूरिस्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन में कुल 16 लोग सवार थे। सभी को मामूली चोट हाई थी। सभी प्रयागराज से वापस सरकंडा बिलासपुर जा रहे थे। प्राथमिक उपचार के बाद सभी यात्रियों को तीन अलग-अलग वाहन व्यवस्था कर भेजा गया।

जानकारी के अनुसार सरकंडा बिलासपुर के लगभग 16 लोग टूरिस्ट वाहन क्रमांक सीजी 04 एनआर 1384 से प्रयागराज महाकंभी गए थे। वहां से तिर्थ यात्रा पूरी कर सभी वापस अंबिकापुर के रास्ते जा रहे थे। रविवार की सुबह करीब 7 बजे जैसे ही उदयपुर थाना क्षेत्र से पहले सेनतालाब के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित वाहन सडक़ किखरे खड़े में जा गिरी। इससे यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना में यात्रा घायल हुए हैं। अन्य यात्रियों को मामूली चोट आई थी। घायल यात्रियों को उदयपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए उदयपुर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी यात्रियों को डिस्चार्ज कर दिया गया। उपचार के बाद सभी यात्रियों को तीन निजी वाहन से वापस भेजा गया। चालक को अचानक झपकी आ जाने से दुर्घटना होना बताया जा रहा है। गनिमत थी कि वाहन की रफ्तार तेज नहीं थी इस लिए सभी यात्री बाल-बाल बच गए।



## 40 हजार रुपए के नशीले इंजेक्शन के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
40 हजार रुपए के नशीले इंजेक्शन के साथ गांधीनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशीले इंजेक्शन को बेचने के लिए ग्राम डिगमा में ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर पुलिस 15 फरवरी को सरगंवा से डिगमा जाने वाली रोड में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान एक युवक पेट्रोलिंग गोड़ी को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। वह हाथ में सफेद झोले में कुछ रखा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली तो दो तरह के नशीले इंजेक्शन कुल 100 नग पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। जब्त नशीले इंजेक्शन की कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी लक्ष्मीकांत बरगाह पिता दिलसाय बरगा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम भुसू थाना सीतापुर हालमुकाम सुभाषनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## अमेजन कंपनी के रुपए गबन किए जाने के मामले में दो कर्मचारी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
अमेजन कंपनी के दो कर्मचारी द्वारा मिलकर षडयंत्र पूर्वक कंपनी के डिलवरी के लिए आए पार्सल व जमा रकम लगभग 12 लाख कुल 15 लाख रुपए का गबन किया गया था। मामले की रिपोर्ट कंपनी के कैशियर ने गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार अमेजन कंपनी में कार्यरत एरिया मैनेजर किशन तिवारी और मैनेजर अरूण सिंह एक साथ मिलकर 3.4 लाख पार्सल और 12 लाख रुपए नकद गबन कर लिया गया था। इसकी जानकारी होने पर कंपनी के कैशियर करण यादव निवासी सलोनी गुंडरदेही थाना बालोद का रहने वाला है और अंबिकापुर सुभाषनगर द्वारा दो दिन पूर्व गांधीनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी अरूण सिंह पिता विजय बहादुर सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी महामाया बिहार रोड वेयर हाउस रोड बिलासपुर, किशन तिवारी पिता नारायण प्रसाद तिवारी उम्र 29 वर्ष निवासी भारती नगर चौक थाना सिविल लाईन बिलासपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 61(2), 316(5), 318(4) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



## टाइल्स गोदाम से तीन नग कैमरे, डीवीआर व अन्य सामान चोरी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
टाइल्स गोदाम में लगे तीन नग सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, हार्ड डिस्क व केबल चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ऋषभ कुमार टोप्पो निवासी गंगापुर थाना गांधीनगर का रहने वाला है। इसका महिमा टाईल्स के नाम से एमजी रोड़ अम्बिकापुर में दुकान है। जिसका गोदाम बाबूपारा में है। 15 फरवरी की शाम को दुकान का स्टाफ विकाश एवं गांधी टोप्पो सामान लेने गोदाम गया तो वहां गोदाम का दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर घुसकर देखे तो गोदाम में लगे 3 नग कैमरा, डीबीआर, हार्ड डिस्क, वाई फाई का सेट अप, केबल एवं 1 नग गिटार कीमती लगभग 30100 को कोई अज्ञात नहीं था। ऋषभ ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## आग से झुलसे वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
आग से एक वृद्ध गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामधनी उर्फ रामलाल कंवर उम्र 60 वर्ष प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कटईपारा मायापुर का रहने वाला था। वह 14 फरवरी की रात को चुल्हे के पास बिस्तर लगाकर सोया था। देर रात को आग उसके बिस्तर में पकड़ लिया था। परिजन ने देखा तो आग बुझाया और उसे इलाज के लिए प्रतापपुर अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## छठवीं बार पार्षद बने शफी अहमद बने नेता प्रतिपक्ष



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छठवीं बार के पार्षद शफी अहमद को कांग्रेस पार्षद दल का नेता चुना गया है। शफी अहमद नगर निगम में तीसरी बार नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में होंगे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव की उपस्थिति में कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदो की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।बैठक उपरांत पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने कहा हमें जनादेश विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए मिला है। शफी अहमद इससे पहले दो कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका सफलता पूर्वक निभा चुके है। उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। उन्होंने निर्वाचित पार्षदों को बधाई दी और कहा विपरीत परिस्थिति में जीतकर आये पार्षदों की जिम्मेदारी जनता के प्रति और भी ज्यादा हो जाती है।उल्लेखनीय है कि शफी अहमद छठवीं बार के पार्षद हैं।पहली बार वे निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। दूसरी बार महामाया वार्ड से उन्हें अम्बिकापुर में दूसरी बड़ी जीत हासिल हुई थी।चार बार से शफी अम्बिकापुर नगर निगम में सर्वाधिक मतों से जीतते आये हैं।वे निगम में सभापति और लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एमआईसी सदस्य रह चुके हैं।आज की बैठक में जिला पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव,औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक,जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता,जेपी श्रीवास्तव,हेमन्त तिवारी,संजय विश्वकर्मा और सभी निर्वाचित कांग्रेसी पार्षद गण मौजूद थे।

### हसन होंगे कांग्रेस में शामिल

**रफी अहमद किदवई वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शहर में दूसरी बड़ी जीत हासिल करने वाले हसन खान कांग्रेस में शामिल होंगे। इस वार्ड से कांग्रेस ने किसी भी उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया था। ऐसे में उन्हें कांग्रेस में लेने कोई अड़चन नहीं है। इस आशय प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया गया है।**



## शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता 15 फरवरी को मणिपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। निरंजन एक्का पिता झपकू एक्का निवासी ग्राम तेन्दूपारा थाना मणीपुर का रहने वाला 12 अक्टूबर 2024 को अपने परिचित के घर मठपारा में ले जाकर प्रार्थिया से शादी करूंगा बोलकर प्रार्थीया के साथ कई बार शारिरिक संबंध बनाया है जो अब आरोपी निरंजन एक्का प्रार्थिया को अपने साथ रखने से इंकार कर रहा है पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 69, 64 (2) (एम) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# पानी की बूंद-बूंद को क्यों तरस रहा पाकिस्तान

# 700 फीट खोदने पर भी मिल रही मिट्टी

## रावलपिंडी में वॉटर इमरजेंसी घोषित, पानी का स्तर बुरी तरह से गिरा, बारिश की कमी बनी मुश्किल की वजह

**नई दिल्ली,16 फरवरी 2025।** पाकिस्तान एक बार फिर मुसीबतों से घिरा है। पहले से ही कर्ज, महंगाई और भूखमरी से जुझ रहे पड़ोसी मुल्क की हालत अब और भी खस्ता हो गई है। दरअसल पाकिस्तानी मौसम विभाग ने फरवरी और मार्च में कम बारिश की संभावना जताई है और कहा है कि इस दौरान सूखा भी झेलना पड़ेगा। इस चेतावनी के बाद रावलपिंडी शहर की जल और स्वच्छता एजेंसी (वासा) ने शहर के बाशिंदों की पानी की जरूरतों को लेकर एहतियाती चेतावनी जारी किया है और शहर को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया है।



### जनसंख्या और कम बारिश बनी 'आफत' की वजह

पाकिस्तानी अखबार डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, वासा के प्रबंध निदेशक मुहम्मद सलीम अशरफ ने कहा कि रावलपिंडी के गैरिसन शहर में रहने वाले लोगों के लिए पानी की कमी सूखे की वजह से हुई है। इसके अलावा जनसंख्या की तेज वृद्धि, कई आर्थिक गतिविधियों और संसाधनों की कमी भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। अशरफ ने डॉन के हवाले से कहा, वासा रावलपिंडी पानी की आपूर्ति में गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहा है और इस स्थिति को देखते हुए, रावलपिंडी में सूखा आपातकाल लगाने का फैसला लिया गया है ताकि लोग पानी का संजीदगी से इस्तेमाल करें।

### 700 फीट पर भी नहीं मिल रहा पानी

वासा के प्रबंध निदेशक ने कहा कि लंबे वक्त से बारिश की कमी के कारण बांधों और अंडरग्राउंड वॉटर सोर्स में तेजी से गिरावट आई है, इससे लोगों को पानी का किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। रावलपिंडी शहर को हर रोज 6.8 करोड़ गैलन (एमजीडी) पानी की दरकार होती है, जबकि 51 एमजीडी मौजूदा संसाधनों के जरिए मुहैया किया जा रहा है, जिसमें रावल और खानपुर बांध और 490 से अधिक ट्यूबवेल शामिल हैं। वासा अधिकारियों के अनुसार, ग्राउंड वॉटर तेजी से खत्म हो रहा था। पानी का स्तर 1990 के दशक में 100 फीट था, लेकिन तब से यह 700 फीट तक गिर गया है।

# अमेरिका से डिपोर्ट होकर पहुंचे दो भाई,हत्या के केस में हैं आरोपी

**अमृतसर,16 फरवरी 2025।** संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को सैन्य विमान से वापस भेजे जाने के दस दिन बाद, 119 और अवैध अप्रवासी भारतीयों को लेकर शनिवार रात 11 40 बजे अमृतसर के गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। दूसरे जत्थे के तौर पर अमृतसर पहुंचे 119 लोगों में 67 पंजाबी शामिल हैं। इनमें गुरदासपुर से 11, होशियारपुर से 10, कपूरथला से 10, पटियाला से सात, अमृतसर से छह, जालंधर से पांच, फिरोजपुर से चार, तरनतारन से तीन, मोहाली से तीन, संगरूर से तीन, रोपड़ से एक, लुधियाना से एक, मोगा से एक, फरीदकोट से एक और फतेहगढ़ साहिब से एक शामिल है। अमेरिका से डिपोर्ट होकर लाए गए राजपुरा के दो चचेरे भाई संदीप और प्रदीप को पुलिस ने अमृतसर एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया है। उन दोनों को अमृतसर एयरपोर्ट से ही पटियाला पुलिस ने किया अरेस्ट किया है। दोनो युवकों को हत्या के एक मामले में अमृतसर एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी संदीप सिंह उर्फ सनी और प्रदीप सिंह 2023 में दर्ज एक हत्या के मामले में वांछित थे। उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नानक सिंह ने बताया कि अमृतसर एयरपोर्ट से उन्हें गिरफ्तार किया गया। दरसअल 25 जून 2023 को पटियाला के राजपुरा सिटी थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, शिकायतकर्ता हरमनजोत ने जानकारी दी थी कि दाना मंडी के करीब उनकी रेहड़ी लगती है। वहां 25 जून की रात 10.30 बजे हसमुख सिंह उनकी रेहड़ी पर आया । हसमुख ने अपने दोस्तों संदीप सिंह उर्फ सनी और सुखदेव सिंह को बुला लिया। तलवारों से आरोपियों ने शिकायतकर्ता हरमनजोत के भाई सचंदर सिंह और फूफा सरवन सिंह पर हमला कर दिया। घटना के कुछ देर बाद ही आरोपी वहां फिर से आ गए और तलवारों से सचंदर सिंह और सरवन सिंह पर हमला कर दिया। इसमें दोनों घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। वहां सरवन सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। दोनों भाइयों पर आरोप है कि ये गांव ढींडसा के रहने वाले हसमुख के साथ दाना मंडी पहुंचे थे। यहां फल विक्रेताओं के साथ हुए झगड़े में ये दोनों साथ थे। हसमुख के कहने पर ही संदीप और प्रदीप तलवारें लेकर दाना मंडी पहुंचे थे।

# शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए किया है पुख्ता तैयारीः कलेक्टर

## खड़गवां में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के मतदान दल रवाना

-संवाददाता-
एमसीबी,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत विकासखंड खड़गवां में मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। 24 बसों और 1 बोलेरो वाहन के माध्यम से इन दलों को निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, वाहन व्यवस्था नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी की उपस्थिति रही। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) ने 17 फरवरी को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारियों का निरीक्षण किया। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है। चुनाव के दौरान सेक्टर अधिकारियों की 11 टीमों को विभिन्न मतदान केंद्रों पर तैनात किया गया है, जो मतदान प्रक्रिया की सतत निगरानी करेंगी। निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान कर्मियों को सतर्क और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया है ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सके।



# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावःजनपद पंचायत बगीचा में आज होगा मतदान

## जनपद पंचायत बगीचा में चुनाव हेतु मतदान दलों को किया गया रवाना



-संवाददाता-
जशपुरनगर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत जनपद पंचायत बगीचा में 17 फरवरी सोमवार को निर्वाचन होना है। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार अधिकारी कर्मचारी निर्वाचन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आज 16 फरवरी को एसडीएम श्री ऋतुराज सिंह बिसेन, रिटर्निंग अधिकारी श्री महेश्वर सिंह उईके, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री सुनील अग्रवाल, श्री सुशील शुक्ला और श्री के.के. श्रीवास एवं नायब तहसीलदार श्री तोष कुमार सिंह की निगरानी में स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय बगीचा से मतदान दलों को निर्वाचन हेतु बने मतदान केंद्रों में रवाना किया गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु जनपद पंचायत बगीचा में 245 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए रिजर्व सहित 260 मतदान दलों का गठन किया गया है। जनपद पंचायत बगीचा अंतर्गत 93 ग्राम पंचायत हैं। इसमें सरपंच पद हेतु 93 एवं वार्डों के लिए 1317 पंचों, जनपद सदस्य के लिए 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 3 पदों का चुनाव होना है।

# अमरजीत का क्षत्रपों पर निशाना

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को शून्य बटे सन्नाटा के हासिल के बाद अमरजीत भगत ने पार्टी क्षत्रपों पर निशाना साधा है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा है -टिकट क्षत्रप बांटते हैं,परिणाम सामने आया तो जवाबदेह आदिवासी अध्यक्ष को बताते है

पूर्व मंत्री तथा सीतापुर से पूर्व विधायक अमरजीत भगत ने नगरीय निकाय चुनाव नतीजों को लक्ष्य कर कहा है कि,टिकट क्षत्रप बांटते हैं और जवाबदेही का मसला जब आता है तो सामने नहीं आते।पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने इसके साथ यह भी कहा-÷टिकट किसे दें इस पर क्षत्रपों की चलती है,लेकिन जब परिणाम विपरीत आए हैं तो ठीकरा आदिवासी अध्यक्ष पर फोड़ा जा रहा है। अमरजीत भगत ने कहा -हम लोगों को चयन समिति तक में शामिल नहीं किया जाता,कभी कर दिए तो सिफारिशों और सलाह को तवज्जो नहीं देते।÷ अमरजीत भगत का बयान तब आया है जबकि तेज़ी से इस बात की चर्चा हो रही है कि,प्रदेश संगठन में बदलाव होना है।



### नतीजे के बाद बयान से हलचल

प्रदेश के दस नगर निगमों में कांग्रेस किसी में भी मेयर प्रत्याशी नहीं जीता पाई।चौंकाने वाला नतीजा यह भी है कि, रायपुर में कांग्रेस पार्षद केवल दस जीत पाए, जबकि राजनांदगाँव में तो यह संख्या दहाई का आँकड़ा नहीं छू पाई।दस नगर निगमों के आँकड़ों से पता चलता है कि, कांग्रेस किसी भी निगम में बीस पार्षद का आँकड़ा नहीं जुटा सकी। इन नतीजों को लेकर कांग्रेस अभी मंथन चिंतन भी नहीं कर पाई है,लेकिन सीतापुर के पूर्व विधायक अमरजीत भगत के एक बयान ने कांग्रेस के भीतरखाने हलचल मचाने का काम किया है।

### सब जानते हैं कौन क्षत्रप है

अमरजीत भगत से द हिट डॉट इन से सवाल किया कि आख़िर क्षत्रप से आपका क्या आशय है तो इस पर अमरजीत भगत ने कहा -÷कांग्रेस के भीतर क्षत्रिय मायने सार्वजनिक हैं,सॉरी जानते हैं कौन कौन क्षत्रप हैं और किस किस क्षेत्र से हैं।÷ अमरजीत भगत ने यह भी कहा -÷क्षत्रपों की भुमिका इस क़दर शक्तिशाली है कि, टिकट दिलाने के लिये और टिकट कटवाने के लिए पूरी तरह भुमिका निबाहते हैं।अपनी जय जय के लिए योग्य उम्मीदवार की टिकट कटवा कर जयकारे वाले समर्थक को टिकट दिलाने का काम क्षत्रप केवल अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि दूसरे के क्षेत्र में भी कर जाते हैं।लेकिन नकारात्मक परिणाम आते हैं तो जवाबदेही लेने तैयार नहीं होते।÷ अमरजीत भगत ने आगे कहा-÷अपने अपने को टिकट दिलवाए श्रीमानजी लोग,और हार हुई तो जवाबदेही पीसीसी चीफ की कैसे हो गई? क्या इसलिए कि श्रीमान जी लोग क्षत्रप हैं,बड़े नेता हैं और पीसीसी चीफ आदिवासी है ?

### ईव्हीएम पर भी कही बात

अमरजीत भगत ने क्षत्रपों का ज़िक्र करने के पहले ईव्हीएम पर भी वही सवाल उठाया जो हार के बाद परंपरागत रुप से कांग्रेस उठाते रहती है।अमरजीत भगत ने कहा कि,बीजेपी ने पहले बैलेट से नगरीय निकायों का चुनाव कराने की बात कही,शुरुआती तैयारियाँ भी उसी हिसाब से हुई लेकिन फिर अचानक बैलेट की जगह ईव्हीएम की बात आ गई।अमरजीत भगत ने पूछा है -क्या सरकार या बीजेपी यह बताएगी कि,पूरी तैयारी और घोषणा बैलेट से कराने की होने के बाद अचानक ईव्हीएम क्यों याद आई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर गंभीर,मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर 16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के दलदोहा घाट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया था। रायपुर ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रदीप तिर्की पिता उषाराम तिर्की उम्र 17 वर्ष बलरामपुर जिले के पस्ता थाना क्षेत्र के ग्राम उलिया का रहने वाला था। 15 फरवरी को वह अपने रिश्तेदार के छोड़ने बाइक से बलरामपुर गया था। वहां से वह वापस लौट रहा था। तभी दलदोहा घाट के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराए थे। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां भी चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया था। परिजन उसे निजी वाहन से रायपुर लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# नगरपालिकाओं के आम एवं उप निर्वाचन 2025 हेतु आदर्श आचरण संहिता प्रभाव शून्य घोषित

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।





नगरपालिकाओं के आम/उप निर्वाचन 2025 के महापौर/अध्यक्ष तथा पार्षद पदों हेतु निर्वाचन संपन्न कराये जाने के लिए आयोग द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2025 को समय अनुसूची (कार्यक्रम) जारी किया गया। कार्यक्रम जारी होते ही सभी संबंधित नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई थी। प्रदेश के 173 नगरीय निकायों हेतु दिनांक 11 फरवरी 2025 को मतदान संपन्न हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आज 15 फरवरी 2025 को मतगणना संपन्न होने के उपरांत केवल नगरपालिकाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशून्य घोषित किया गया है।

# आधी रात हॉस्टल में वो वाला काम...

## महिला टीचर को कमरे बुलाता था हॉस्टल वार्डन

## ग्रामीणों ने दोनों को रंगेहाथों पकड़ा




-संवाददाता-
बलरामपुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के कलेक्टर ने आश्रम में रंगरेलियां मनाने वाले आश्रम के अधीक्षक को पद से हटा दिया है। साथ ही रात रुकने वाली शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। दोनों पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम में बिना किसी सूचना के रात रुके थे। जिसे ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा था।मामला सामने आने के बाद आक्रोशित लोगों ने दोनों को घेर लिया था।

दरअसल, पहाड़ी कोरवा आश्रम कोठली के अधीक्षक रंजीत कुमार ने बिना किसी सूचना के प्राथमिक शाला की शिक्षिका को रात में हॉस्टल में ठहराया था। जिसे वहां के छात्रों ने रंगे हाथों पकड़े था। मामले की जानकारी मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों को आश्रम के अंदर ही घेर लिया। फिर मामले की शिकायत बीईओ को दी गई।

### आश्रम में रात रुकी थी शिक्षिका

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने 13 फ़रवरी की रात में फोन के माध्यम से सम्बंधित अफसरों को मामले की सूचना दी। जिसमें कहा गया कि, आश्रम अधीक्षक रंजीत कुमार आश्रम में महिला लेकर आए हैं। जो अधीक्षक रंजीत कुमार के साथ अवैधानिक रूप से शासकीय पहाड़ी कोरवा आश्रम में रुकी है। जिसे ग्रामीणों ने आश्रम के अन्दर घेर कर रखा है। जिसके बाद अधिकारी तुरंत पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पूरे मामले की जांच में सेजल मिंज को सिविल सेवा आचरण नियम की जानकारी होने के बाद भी लापरवाही करना पाया गया।

### कलेक्टर ने की कड़ी कार्यवाही

मामले की जांच के बाद बलरामपुर के कलेक्टर ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। साथ ही हॉस्टल अधीक्षक को भी पद से हटा दिया गया है। बीईओ ने इसे अमर्यादित और अशोभनीय के साथ-साथ अत्यंत गंभीर और अनुशासनहीनता बताते हुए प्रतिवेदन दिया था। पदीय दायित्व के विपरीत गंभीर कदाचार करने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत कार्यवाही की गई है।

## विकास की नीति,कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता से उपलब्धियों की भाजपा विश्व पटल पर सदैव रहेगी विराजमानःभाजपा

# मोदी की गारंटी और विष्णुदेव सरकार के सुशासन को पटना वासियों ने सौंपा जनाधारः भईयालाल





-रवि सिंह-
**कोरिया/पटना,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।** नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के रण में नव निर्मित पटना नगर पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह की जीत पर बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने पटना वासियों का आभार जताते हुए उन्हें बधाई दी है। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन के पक्ष में पटना





वासियों का जनाधार निश्चित तौर पर समूचे क्षेत्र के विकास के लिए उपलब्धियों भरा होगा । श्री राजवाड़े ने कहा की कोरिया जिले सहित राजधानी और पूरे प्रदेश की जनता ने निकाय चुनाव में मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन को मन से स्वीकार किया है। और समूचे प्रदेश के नगरीय निकायों में भ्रष्टाचार मुक्त भाजपा की सरकार बनाया है । विधायक श्री भईया लाल ने पटना नगर पंचायत में विजयी हुए सभी वार्ड पार्षदों को जीत की बधाई दी और कोरिया जिले के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

## चुनौतियों और विषम परिस्थिति में खुद को साबित करने का साहस भाजपा कार्यकर्ताओं में:जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी

पटना नगर पंचायत चुनाव में भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह को मिलते शुरुआती जनाधार के नतीजों पर कार्यकर्ताओं का जोरदार उत्साह वर्धन करते हुए कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र तिवारी खुद को झूमने से नहीं रोक पाए और जीत के जश्न में पटना वासियों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सुन चंपा,, सुन तारा,,कौन जीता कौन हारा गाने के छत्तीसगढ़ी वर्जन पर जमकर थिरके खूब खुशियां मनाई। भाजपा प्रत्याशी की जीत को लेकर जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा की पटना समेत प्रदेश की जनता का भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास है, मोदी की गारंटी और विष्णुदेव सरकार के सुशासन ने छत्तीसगढ़ के चहुमुखी विकास की शुरुआत कर दी है, आगामी समय में पटना नगर पंचायत एक व्यवस्थित और सर्वसुविधा युक्त शहर बनेगा। कार्यकर्ताओं के परिश्रम ने आज अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों की बड़ी जीत दिलाई है, पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्पण और निष्ठा ही हमारी ताकत है, और चुनौतियों के साथ विषम परिस्थिति में भी खुद को साबित करने का साहस भाजपा कार्यकर्ताओं में होता है। हम एकजुट होकर जीत को सुनिश्चित करते है, आगे भी जीत का अभियान जारी रहेगा । श्री तिवारी ने बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े सहित जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को पटना में मिले ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दिया और पटना नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए पटना के विकास के लिए निष्ठा पूर्वक समर्पित रहने की बात कही।

## उपलब्धियों भरी भाजपा विश्व पटल पर सदैव रहेगी विराजमानःकृष्ण बिहारी जायसवाल

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कोरिया जिला प्रभारी व निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण बिहारी जायसवाल ने पटना नगर पंचायत चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया की भाजपा अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास की नीतियों में तटस्थ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शत प्रतिशत पूरी होती गारंटी के साथ और कार्यकर्ताओं की मेहनत एकजुटता के दम पर देश प्रदेश सहित अपनी उपलब्धियों के लिए जिस तरह विश्व पटल पर विराजमान है आगे भी इसी तरह विराजमान रहेगी और समूचे राष्ट्र में लोकतंत्र की सच्ची इबारत लिखती रहेगी। अभिभाजित कोरिया सहित विभाजन पश्चात 6 वर्षों से अधिक समय तक बतौर भाजपा जिला अध्यक्ष उपलब्धियों भरे सफल कार्यकाल का निर्वहन करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने वाले कद्दावर भाजपा नेता श्री कृष्ण बिहारी जायसवाल ने पटना नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह के पक्ष में पटना के मतदाताओं द्वारा दिए जनसमर्थन को पटना वासियों का अच्छा निर्णय बताते हुए कहा की पटना वासियों ने मोदी की गारंटी और विष्णुदेव सरकार के सुशासन पर मुहर लगाकर पटना क्षेत्र के विकास और उन्नति को भाजपा की तीसरे इंजन की सरकार के साथ मजबूती से जोड़ दिया है। और आगामी पूरे कार्यकाल उपलब्धियों के लिए भागीदारी दर्ज करेंगे । पटनावासियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया । श्री जायसवाल ने कहा की भाजपा के सुशासन की सरकार का परचम पूरे प्रदेश में जिस तरह नगरीय निकाय चुनाव में लहराया है । उसी तरह जिला और जनपद पंचायत सहित पंचायत भी भगवामय होने जा रहा है । उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की अपार मेहनत और एकजुटता को भाजपा की अनमोल धरोहर बताते हुए कार्यकर्ताओं का आभार जताया और भाजपा के एक एक कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पुनः दम खम के साथ तैयार रहने अपील किया।

## मतदान दलों को किया गया मतदान सामग्री का वितरण

-संवाददाता-
**बलरामपुर,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत पहले चरण में राजपुर, शंकरगढ़ व कुसमी में 17 फरवरी 2025 को मतदान होना है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए बलरामपुर-रामानुजगंज के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री लोकेश कुमार की उपस्थिति में जनपद पंचायत कुसमी के अंतर्गत बने स्ट्रांग रूम में मतदान कराने हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी से मतदान दलों को मतदान सामग्री एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया है। इस दौरान प्रेक्षक श्री कुमार के द्वारा कुसमी में निर्वाचन के तैयारी के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही सेक्टर अधिकारियों से मतदान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

साथ ही राजपुर एवं शंकरगढ़ में पंचायत निर्वाचन हेतु मतदान दलों को मतदान सामग्री एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया है। इस अवसर पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी व निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत 17 फरवरी को राजपुर, शंकरगढ़ व कुसमी में मतदान होना है। जिसके लिए राजपुर में 197, शंकरगढ़ में 136 व कुसमी में 156 कुल 489 मतदान केन्द्र बनाये गए है। जिसके लिए कुल 2056 मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके अंतर्गत शंकरगढ़ में 572, राजपुर में 828, कुसमी में 656 मतदान कर्मचारी प्रथम चरण में मतदान करवायेंगे। शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण कर ली गई है। साथ ही मतदान दिवस 17 फरवरी को तीनों जनपदों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राजपुर, कुसमी, शंकरगढ़ जनपद अंतर्गत जिले के 02 लाख 15 हजार 38 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जनपद पंचायत राजपुर क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 82 हजार 02 है। इसके अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 40 हजार 309, महिला मतदाताओं की संख्या 41 हजार 693 है। जनपद पंचायत क्षेत्र कुसमी में मतदाताओं की संख्या 76 हजार 552 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 38 हजार 194, महिला मतदाताओं की संख्या 38 हजार 357 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 1 है। जनपद पंचायत क्षेत्र शंकरगढ़ में मतदाताओं की संख्या 56 हजार 484 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 27 हजार 881, महिला मतदाताओं की संख्या 28 हजार 603 है।

# पटना की चुनावी जीत में यह भी तय हुआ भाजपा से गायत्री सिंह के अलावा कोई नहीं था जितने लायक प्रत्याशी ?

### सोनी समाज के विरोध के बावजूद जीत दर्ज कर ले गई गायत्री सिंह,क्या पटना में सोनी समाज भाजपा के लिए महत्त्वपूर्ण है यह मिथक भी तोड़ा गायत्री सिंह ने ?






-रवि सिंह-
**बैकुंठपुर/पटना,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।** पटना नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत खासकर निवर्तमान सरपंच गायत्री सिंह की जीत के बाद यह मिथक भी टूट गया कि भाजपा के लिए पटना में सोनी समाज महत्वपूर्ण है। सोनी समाज के पूर्ण विरोध के बावजूद गायत्री सिंह ने भाजपा प्रत्याशी बतौर चुनाव जीतकर यह बतला दिया कि भाजपा के लिए पटना में किसी एक समाज को महत्व देना सही नहीं है और सोनी समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी सोनी समाज से ज्यादा समर्थित हैं भाजपा के लिए और उन्हें भी अब तव्वजो की जरूरत है जिनके बल पर यह चुनाव गायत्री सिंह और भाजपा जीत सकी। पटना नगर पंचायत के गठन उपरांत यह माना जा रहा था कि यदि नगर पंचायत के पहले चुनाव में सीट अनारक्षित हुई तब सोनी समाज भी दावेदारी के लिए दावा करेगा और ऐसा हुआ भी लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने आंतरिक सर्वे उपरांत माना कि सोनी समाज का प्रत्याशी नहीं जीत सकता और उन्होंने निवर्तमान सरपंच को सर्वे में जिताऊ पाया और निवर्तमान सरपंच को पार्टी में शामिल कराकर उन्हें पार्टी से प्रत्याशी बनाया और पार्टी का निर्णय सही साबित हुआ और पार्टी की जीत हुई।

यदि गायत्री सिंह के अलावा कोई अन्य प्रत्याशी इसबार भाजपा से प्रत्याशी होता अध्यक्ष का वह बुरी तरह पराजित होता यह परिणाम के बाद स्पष्ट हो गया, गायत्री सिंह के दो बार के चुनाव लड़ने के अनुभव के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य नेताओं की रणनीति ने भाजपा और गायत्री सिंह को जीत का जश्न मनाने लायक बनाया, वैसे भाजपा का सोनी समाज पर विश्वास भी भाजपा को डुबाने वाला था जो गायत्री सिंह और उनके समर्थकों के कारण डूबने से बच गया। यदि गायत्री सिंह भरोसे में रहती उनकी नैया चुनावी पार होने वाली नहीं थी। पटना चुनाव और चुनावी परिणाम के बाद जो कुछ समझ में आया उसके अनुसार गायत्री सिंह का विरोध करने वालों में भाजपाई सबसे अधिक थे जो इसलिए विरोध में थे क्योंकि वह अपने लिए टिकट की मांग कर रहे थे और जब ऐसा नहीं संभव हुआ उन्होंने गायत्री सिंह को और भाजपा को ही निपटाने की योजना पर काम किया जिस योजना को खुद गायत्री सिंह और उनके कुछ खास समर्थकों ने विफल किया। पटना नगर की राजनीति अब पांच सालों के लिए फिर से गायत्री सिंह के इर्द गिर्द सिमट गई और उन्हें पराजित करने की मंशा रखने वाले भी कुछ समझ न सके और अब वह बधाई देने की कतार में आगे हैं सबसे वैसे कभी कभी कुछ विषय भाग्य और किस्मत का भी होता है जो पटना के चुनाव में खासकर नगरीय निकाय के प्रथम चुनाव में देखने समझने को मिला जहां मनोनीत अध्यक्ष पद का शपथ न लेने वाली गायत्री सिंह प्रथम अध्यक्ष बन गईं। जिस गायत्री सिंह को लेकर यह माना जा रहा था कि वह किसी दल में जाकर चुनाव लड़ने की बजाए निर्दलीय चुनाव लड़ सकती हैं उन्होंने भाजपा प्रवेश कर भी सभी को चौंकाया और जब भाजपा प्रवेश उपरांत उनका टिकट भी तय हुआ तब यह भी तय हो गया कि वह ही विजेता होंगी। पटना में भाजपा अब सभी समाज को समान महत्व दे और उनमें कम और ज्यादा का अंतर न माने तभी भाजपा पटना में मजबूत होगी वरना इस बार की तरह दोबारा कोई गायत्री सिंह विजय श्री हासिल कर ले जाएगी विरोध पश्चात जरूरी नहीं।

# कोरबा और करतला में 17 फरवरी को पंच,सरपंच सहित अन्य पदों के लिये मतदान कराने दल रवाना

### कोरबा में 1 लाख 11 हजार 672 मतदाता और करतला में 1 लाख 16 हजार 335 मतदाता

-संवाददाता-
**कोरबा,16 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।** नगरीय निकाय निर्वाचन सम्पन्न होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में कल 17 फरवरी को कोरबा जिले के कोरबा और करतला जनपद में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होकर शाम तीन बजे तक होगी। मतदान हेतु आज कोरबा और करतला क्षेत्र से मतदान दल निर्धारित मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए। उन्हें मतपेटी के साथ मतदान संबंधी अन्य सामग्री प्रदान की गई। मतदान दलों को पुलिस सुरक्षा के साथ बसों में रवाना किया गया। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मतदान दलों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कोरबा के विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक शाला क्रमांक एक और करतला में सामग्री वितरण स्थल का जायजा लिया। कलेक्टर श्री वसंत ने मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम सरोज महिलांगे समेत अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान दलों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। यदि किसी दल द्वारा समस्या बताई जाती है तो उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने रिजर्व दलों के कर्मचारियों की डयूटी भी क्षेत्र की दूरी के हिसाब से आसपास लगाने के निर्देश दिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को मतदान केंद्र भेजा जा सकें। उन्होंने मतगणना के दौरान किसी प्रकार की



अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए ध्यान रखने और पारदर्शी तरीके से मतदान और मतगणना कराने के निर्देश दिए हैं।

कोरबा जनपद अंतर्गत 21 सेक्टर में 224 मतदान केंद्रों में मतदान होना है। रिजर्व सहित कुल 1198 कर्मचारियों की डूयटी यहां लगाई गई है। जनपद सीईओ सुश्री कौशाम्बी गभेल ने बताया कि यहां कुल 1 लाख 11 हजार 672 मतदाता है। कोरबा जनपद में पंच के 1076 पद है। जिसमें 537 वार्डों में निर्विरोध और 532 वार्ड में चुनाव होना है। पंच के 7 वार्डों में नामांकन प्राप्त नहीं होने पर चुनाव नहीं हो रहे हैं। इसी प्रकार सरपंच के 74 पदों के लिए जनपद सदसय के 24 पदों के लिए और जिला पंचायत के दो सदस्यों के लिए निर्वाचन होना है। कोरबा जनपद में एसडीएम सरोज महिलांगे, सीएसपी भूशण एक्का, सुश्री जूली तिर्की, जनपद सीईओ कौशाम्बी गभेल, तहसीलदार सत्यपाल राय, के के लहरे आदि की उपस्थिति में मतदान दलों को संबंधित मतदान केंद्रों में रवाना किया गया।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाताओं को पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अलग-अलग रंगों के मतपत्र में सील लगाना होगा। पंच पद के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य हेतु पीला और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए गुलाबी मतपत्र निर्धारित किया गया है। 17 फरवरी को होने वाले चुनाव में पंच और सरपंच, जनपद सदस्य पदों हेतु मतपत्रों की मतगणना वहीं उसी दिन की जायेगी, लेकिन अधिकृत रूप से इसका सारिणीकरण 19 को किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य हेतु मतगणना का परिणाम व सारिणीकरण 20 फरवरी को किया जाएगा।

# सूरजपुर जिले के पांच नगरी निकाय चुनाव में भाजपा सूरजपुर हारी,विश्रामपुर,भटगांव,जरही,प्रतापपुर जीती

**सूरजपुर नगर पालिका चुनाव में पुराने चेहरे पर दावा खेलना भाजपा को पड़ा भारी...24 मतों से मिली हार...जीता हुआ सूरजपुर हुआ चुनाव हारी भाजपा...विधायक मंत्री भी नहीं जीत पाए...इकलौता नगर पालिका चुनाव...कांग्रेस के दिग्गज पूर्व पार्षद भी हारे चुनाव...मुस्लिम मतदाता ने कांग्रेस पर जताया भरोसा जिसकी बदौलत कांग्रेस को मिली जीत**


नगर पालिका सूरजपुर की कांग्रेस की निर्वाचित अध्यक्ष


बिश्रामपुर नगर पंचायत निर्वाचित अध्यक्ष

### सूरजपुर जनता की जीतःकुसुमलता-

जीत के बाद कुसुमलता राजवाड़े ने कहा यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, पूरे सूरजपुर की जनता की जीत है। लोगों ने जो भरोसा जताया है, हम उसे निभाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। नगर के विकास को प्राथमिकता देंगे और हर वर्ग के लोगों के हित में निर्णय लेंगे।

### जिले के 05 नगरीय निकायों के परिणाम-

नगरीय निकाय चुनाव 2025 अंतर्गत 11 फरवरी को हुए चुनाव के पश्चात् हुए आज मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया गया है। गौरतलब है कि इस निर्वाचन अंतर्गत जिले के 05 नगरीय निकायों सूरजपुर, बिश्रामपुर, भटगांव, जरही एवं प्रतापपुर में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए चुनाव हुए थे। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सूरजपुर नगर पालिका से कुसुमलता राजवाड़े (कांग्रेस), बिश्रामपुर से निर्मला यादव (भारतीय जनता पार्टी.) भटगांव से परमेश्वरी राजवाड़े (भारतीय जनता पार्टी.), जरही से पूरन राम राजवाड़े (भारतीय जनता पार्टी.).एवं प्रतापपुर से श्रीमती मानती (भारतीय जनता पार्टी.) विजयी रहे।

-शमरोज खान-
सूरजपुर,16 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले में पांच नगरीय निकाय चुनाव हुए जिसमें एक नगर पालिका व चार नगर पंचायत थे,जिले के इकलौते नगर पालिका सूरजपुर में जिले में दो विधायक एक मंत्री होने के बावजूद टिकट वितरण में पुराने चेहरे पर दाव लगाना भाजपा को बड़ा भारी,24 मतों से मिली हार भाजपा से घास का जीत कांग्रेस के झोली में आ गया। कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव काफी आसान नहीं था काफी कड़े मुकाबले में कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर नगर पालिका सूरजपुर चुनाव जीता है, वहीं कांग्रेस में दिग्गज पार्षद भी हारे हैं जो कभी न हारने वाली बाजी खेला करते थे आज उन्हें हार का सामना करना पड़ा, वहीं इकलोता नगर पालिका चुनाव बीजेपी हार गई पर चार नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष बनने में सफल रही।

आपको बता दे की नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुसुमलता राजवाड़े ने पुनर्मतगणना में भाजपा की देवंती साहू को 24 मतों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। करीबी मुकाबले के चलते भाजपा ने पुनर्मतगणना की मांग की थी, लेकिन कोई बदलाव नहीं आया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। आईटीआई कॉलेज परिसर में मतगणना के दौरान जबरदस्त गहमा-गहमी रही। पुनर्मतगणना के फैसले के बाद माहौल और भी गरमा गया, लेकिन अंततः कांग्रेस की जीत बरकरार रही। इस नतीजे के बाद कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच जमकर नारेबाजी और आतिशबाजी की। समर्थकों ने मिठाइयां बांटी और सड़कों पर जुलूस निकालने की तैयारी की जा रही है। भाजपा समर्थकों को उम्मीद थी कि पुनर्गणना से परिणाम बदल सकता है, लेकिन जब नतीजे वही रहे, तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश दोगुना हो गया। इस चुनावी नतीजे ने साफ कर दिया कि सूरजपुर की जनता ने कांग्रेस के नेतृत्व पर भरोसा जताया है, और भाजपा को यहां कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस प्रत्याशी कुसुमलता राजवाड़े ने 6456 मत हासिल किया जबकि भाजपा की देवंती साहू को 6432 मत मिले।


प्रतापपुर नगर पंचायत निर्वाचित अध्यक्ष

### नगर पंचायत प्रतापपुर के परिणाम

नगर पंचायत प्रतापपुर' के अध्यक्ष पद पर भाजपा की श्री मानती विजयी रहीं। अध्यक्ष के अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या मानमती बिनू पैकरा (इंडियन नेशनल कांग्रेस) 1584, मानती (भारतीय जनता पार्टी.) 1900 वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा की श्रीमती नीलम देवी विजयी रहीं। वार्ड क्रमांक 02 से इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री बीरसाय गोंड विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 03 से इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री मासूम विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 04 से भाजपा के श्री मुकेश अगवाल. विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 05 से इंडियन नेशनल कांग्रेस श्रीमती नसीमा बाने अंसारी विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 06 से इंडियन नेशनल कांग्रेस श्रीमती ममता कंचन सोनी...विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 07 से भाजपा प्रत्याशी- निर्विरोध निर्वाचित रहे। वार्ड क्रमांक 08 से इंडियन नेशनल कांग्रेस श्री विजय नायक. विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 09 से भाजपा श्री नवीन कुमार नाविक विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 10 से इंडियन नेशनल कांग्रेस श्री निशांत तिवारी विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा श्री अजीत शरण सिंह विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा श्री सौरभ मानिक विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 13 से भाजपाश्री लालमेन पैकरा विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 14 से इंडियन नेशनल कांग्रेस श्री दुर्योधन गुड्डू विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 15 इंडियन नेशनल कांग्रेस से. श्रीमती हीरामुनी सेवन एक्का विजयी रहे।


भटगांव नगर पंचायत निर्वाचित अध्यक्ष


जरही नगर पंचायत निर्वाचित अध्यक्ष

### नगर पंचायत भटगांव के परिणाम

नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष पद पर परमेश्वरी राजवाड़े (भारतीय जनता पार्टी.) विजयी रहे। अध्यक्ष के अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या -परमेश्वरी राजवाड़े (भारतीय जनता पार्टी.)2101सूरज कुमार गुप्ता (इंडियन नेशनल कांग्रेस)1272 अयोध्या प्रसाद (निर्दलीय) 130बीरेन्द्र शर्मा (निर्दलीय) 184चन्दन कुमार(निर्दलीय) 741उदय लाल यादव (निर्दलीय) 808, नगर पंचायत भटगांव में 15 वार्ड में से 8 में भाजपा 3 में कांग्रेस 4 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए

| वार्ड क्रमांक | प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|---|
| वार्ड नंबर 01 | सुमित्रा राजवाड़े | भाजपा |
| वार्ड नंबर 02 | मीना पैकरा | भाजपा |
| वार्ड नंबर 03 | रामफल | भाजपा |
| वार्ड नंबर 04 | श्रीमती लक्ष्मी महतो | भाजपा |
| वार्ड नंबर 05 | श्रीमती किरण सिंह | भाजपा |
| वार्ड नंबर 06 | श्रीमती सुनिता सिंह | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 07 | श्रीमती धनेश्वरी | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 08 | अनीता सोनवानी | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 09 | कपिला राजवाडे | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 10 | अभिषेक प्रिंस श्रीवास्तव | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 11 | श्रीमती बबीता सिंह | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 12 | धनेश्वर प्रधान | भाजपा |
| वार्ड नंबर 13 | विमल कुमार सिंह | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 14 | ओंकार सिंह सैनी | भाजपा |
| वार्ड नंबर 15 | विकाश राजवाड़े | भाजपा |

### नगर पंचायत बिश्रामपुर के परिणाम

नगर पंचायत बिश्रामपुर के अध्यक्ष पद पर निर्मला यादव (भारतीय जनता पार्टी) विजयी रहीं। अध्यक्ष के अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या - निर्मला यादव (भारतीय जनता पार्टी.) 2730, शकुन्तला सोनी (कांग्रेस) 1848,सुमन मौर्य (निर्दलीय) बिश्रामपुर नगर पंचायत चुनाव के 15 वार्ड में से 8 वार्डों में भाजपा के पार्षद तो वहीं पांच वार्डों में निर्दलीय पार्षद तो वही दो वार्डो में कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हुए।

| वार्ड क्रमांक | प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|---|
| वार्ड नंबर 01 | लक्ष्मीन बाई यादव | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 02 | मालती तिग्गा | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 03 | अर्चना किरण लकड़ा | भाजपा |
| वार्ड नंबर 04 | राहुल खातरकर | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 05 | विनोद कुमार सिंह गोंड | भाजपा |
| वार्ड नंबर 06 | श्रीमती देवकी देवी | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 07 | दिपेन्द्र सिंह चौहान | भाजपा |
| वार्ड नंबर 08 | रविन्द्र कुमार विश्वकर्मा | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 09 | अमरेश प्रसाद | भाजपा |
| वार्ड नंबर 10 | निलम कुमारी मिश्रा | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 11 | रविशंकर | भाजपा |
| वार्ड नंबर 12 | संजीत यादव | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 13 | माधुरी मण्डल | भाजपा |
| वार्ड नंबर 14 | शकुन्तला देवी | भाजपा |
| वार्ड नंबर 15 | रामजीत यादव | भाजपा |

### सूरजपुर नगर पालिका के 18 वार्ड में से 8 वार्डों में भाजपा के पार्षद 6 वार्डों में में कांग्रेस के पार्षद 4 वार्डों में निर्दलीय पार्षद

| वार्ड क्रमांक | प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|---|
| वार्ड नंबर 01 | ललिता अजय सिंह | भाजपा |
| वार्ड नंबर 02 | पारसनाथ राजवाड़े | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 03 | मुकेश गर्ग | भाजपा |
| वार्ड नंबर 04 | प्यारेलाल साहु | भाजपा |
| वार्ड नंबर 05 | प्रसान्त कुमार साहु | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 06 | शैलेश अग्रवाल शैलू | भाजपा |
| वार्ड नंबर 07 | गैबीनाथ साहु | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 08 | पंकज चौबे | भाजपा |
| वार्ड नंबर 09 | राम सिंह | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 10 | राधामुनी सिंह | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 11 | कंचन संजू सोनी | भाजपा |
| वार्ड नंबर 12 | मंजूलता गोयल | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 13 | पुष्पलता पवन साहू | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 14 | राजेश साहु | भाजपा |
| वार्ड नंबर 15 | श्रीमती पिंकी साहू | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 16 | प्रमोद तायल | भाजपा |
| वार्ड नंबर 17 | करमातो राजवाड़े | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 18 | लल्लन राम सोनवानी | निर्दलीय |

### नगर पंचायत जरही के परिणाम

नगर पंचायत जरही के अध्यक्ष पद पर भाजपा के पूरन राम राजवाडे विजयी रहे। अध्यक्ष के अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या प्रेम कुमार राजवाडे (इंडियन नेशनल कांग्रेस) 1133, पूरन राम राजवाड़े (भारतीय जनता पार्टी.) 1427, अभय कुमार विश्वकर्मा (निर्दलीय) 1175, भगवती चन्द्रा (निर्दलीय) 66, बिमला राजवाडे (निर्दलीय) 240।

| वार्ड क्रमांक | प्रत्याशी | राजनीतिक दल |
|---|---|---|
| वार्ड नंबर 01 | लालमनी | भाजपा |
| वार्ड नंबर 02 | सियाराम | भाजपा |
| वार्ड नंबर 03 | राम कुमार | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 04 | श्रीमती उर्मिला | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 05 | करीना राजवाड़े | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 06 | श्रीमती लक्ष्मी दास | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 07 | श्रीमती सुमन | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 08 | श्रीमती. तुलसी सिंह | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 09 | श्रीमती जुही सोनी | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 10 | सुनिता विजयी | भाजपा |
| वार्ड नंबर 11 | सिद्धनाथ शर्मा | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 12 | श्रीमती नीशा बीजू | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 13 | विवेक कुमार सिंह | भाजपा |
| वार्ड नंबर 14 | पवन साय | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 15 | राहुल जायसवाल | कांग्रेस |

**त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन**

## मतदान तिथि को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित




-संवाददाता-
बलरामपुर,16 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में 17 फरवरी को मतदान होना है। जिसके अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज में भी पहले चरण में 17 फरवरी को राजपुर, शंकरगढ़ तथा कुसमी में मतदान होगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान तिथि संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। जिसके लिए मतदान तिथि सोमवार 17 फरवरी 2025 को राजपुर, शंकरगढ़ तथा कुसमी क्षेत्रों में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

## प्रचंड जनादेश पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा, एक साल के विकास पर जनता ने लगाई अटल विश्वास की मुहर

-संवाददाता-
कोरबा,16 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कोरबा नगर पालिक निगम और कोरबा जिले के अन्य 4 नगरीय निकायों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद प्रेस क्लब तिलक भवन में मीडिया से चर्चा करते हुए मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि ये जीत कोरबा शहर के एक-एक नागरिक की है। कांग्रेस बीते 10 साल से लोगों को सिर्फ छलावा करती रही। बीते निगम चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया था, लेकिन खरीद परोख्त कर निगम में कांग्रेस ने अपनी सरकार बना ली थी। कांग्रेस के कार्यकाल में मूलभूत समस्याओं के लिए जनता ने समस्या झेली। भाजपा की विष्णु सरकार आने के बाद कोरबा नगर निगम क्षेत्र में रुके कार्यों में



तेज़ी आई। एक साल में 400 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति मिली, सभी कार्यों की आधारशिला रखी गई। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में हर वर्ग में खुशहाली आई है। एक साल के विकास पर जनता ने अटल विश्वास की मुहर लगाई है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद हमारी ताकत दोगुनी हुई है। शासन से अधिक फंड अब कोरबा निगम को मिलेगा, जिससे विकास कार्यों को रफ्तार मिलेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा जिले में नए उद्योग लगाने को लेकर सवाल पर कहा की माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में बनी नई औद्योगिक नीति की चर्चा और सराहना आज देश भर में है। हमारा प्रयास है कि कोरबा के साथ-साथ पूरे प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना हो। कोरबा में एल्युमिनियम पार्क की जल स्थापना के लिए तेजी से कार्य किया जा रहे हैं। जमीन आबंटन के लिए पत्र लिखा गया है। इस अवसर पर राजेंद्र राजपूत नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पालिका दीपका,सोनी झा नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पालिका बांकीमोंगरा, पदमिनी देवांगन नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पंचायत छुरीकला, अजय जायसवाल नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पंचायत पाली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन समेत अन्य उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगर निगम से जितनी भी जन अपेक्षाएं हैं, उन सभी को पूरा करने के लिए ग्रीन संकल्पित होकर कार्य किया जाएगा। नगर निगम को जन सेवा का मंदिर मानकर काम किया जाएगा। हमारे प्रयास होगा कि शहर के सभी 67 वार्डो का विकास कार्य एक साथ हो। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने मीडिया के माध्यम से कोरबा समेत सभी पांच निकायों में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



## अल्काराज के बाद सबसे कम उम्र के एटीपी क्ले कोर्ट फाइनलिस्ट बने फोंसेका

**ब्यूनस आयर्स, 16 फरवरी 2025।** 18 वर्षीय ब्राजीलियाई जोआओ फोंसेका ने सर्बियाई लास्लो जेरे को एक नाटकीय सेमीफाइनल में 7-6(3), 5-7, 6-1 से हराकर अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया, जिससे वह 2021 में कार्लोस अल्काराज़ के बाद क्ले कोर्ट पर सबसे कम उम्र के एटीपी फाइनलिस्ट बन गए।

## त्रिकोणीय सीरीज जीतना न्यूज़ीलैंड के लिए चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अच्छी बात होगी



**नई दिल्ली, 16 फरवरी 2025।** न्यूज़ीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को लगता है कि मेजबान पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में ट्राई-नेशन सीरीज में ब्लैककैप्स की जीत चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के लिए बड़ी बढ़त होगी।न्यूज़ीलैंड ने सीरीज में अजेय रहते हुए फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया।साउथी ने आईसीसी के साथ एक विशेष बातचीत में कहा, टीम ने जिस तरह से खेला है, उसमें अलग-अलग खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।यह कुछ अनुभवी खिलाड़ियों और कुछ रोमांचक युवा खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है, जिनमें बहुत संभावनाएं हैं। इस त्रिकोणीय श्रृंखला का अनुभव उन्हें टूर्नामेंट के लिए बेहतर साबित होने जा रहा है।इसलिए, टूर्नामेंट में कुछ गति लेना और उन परिस्थितियों के अभ्यस्त होना, यह केवल एक अच्छी बात होगी।

# मुंबई इंडियंस की स्क्वॉयड का हिस्सा बना 23 साल का ये मैच विनर खिलाड़ी



### » आईपीएल 2025 में गेंद से कमाल दिखाते हुए आएगा नजर

**नई दिल्ली,16 फरवरी 2025।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से हो सकती है, जिसको लेकर सभी 10 टीमों ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी बीच मुंबई इंडियंस की टीम ने आगामी सीजन को लेकर अपने स्क्वाड में बदलाव का ऐलान किया है। दरअसल मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा अल्लाह गजनफर चोटिल होने की वजह से आगामी आईपीएल सीजन से बाहर हो गए हैं, जिसमें उन्हें पूरी तरह से फिट होने में कम से कम 4 हफ्तों का समय लगेगा, ऐसे में अब मुंबई इंडियंस ने उनकी जगह पर रिप्लेसमेंट प्लेयर के नाम का ऐलान किया है।

### मुजीब उर रहमान को बनाया मुंबई इंडियंस ने अपना हिस्सा

आईपीएल 2025 के मेगा प्लेयर ऑक्शन में अफगानिस्तान टीम के 23 साल स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान को किसी भी टीम ने अपना हिस्सा बनाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं अब अल्लाह गजनफर के बाहर होने के बाद मुंबई इंडियंस ने उन्हें अपना हिस्सा बनाने का फैसला किया है। मुजीब अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं जिसमें वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए घोषित की गई अफगानिस्तान की टीम का भी हिस्सा नहीं हैं। हालांकि आईपीएल के 18वें सीजन के शुरू होने से पहले मुजीब के पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद जताई गई है। ऐसे में वह मुंबई इंडियंस की तरह से खेलने के लिए पूरे सीजन उपलब्ध रहेंगे।

### अब तक इन 2 टीमों के लिए आईपीएल में खेल चुके हैं मुजीब उर रहमान

मुजीब उर रहमान को लेकर बात की जाए तो उन्होंने आईपीएल में अब तक 2 टीमों की तरफ से खेला है, जिसमें आईपीएल में अपना डेब्यू पंजाब किंग्स टीम की तरफ से खेलते हुए किया था और इसके बाद वह सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा भी बने। मुजीब ने साल 2021 में आखिरी बार आईपीएल में कोई मुकाबला खेला था। अब तक मुजीब को आईपीएल में 19 मैच खेलने का मौका मिला है, जिसमें उन्होंने 19 विकेट 31.16 के औसत से हासिल किए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 27 रन देकर 3 विकेट था।

# चैंपियंस ट्रॉफी में शुभमन गिल क्या कर पाएंगे ये बड़ा करिश्मा

### बल्ले ने दिया साथ तो बन जाएंगे इस मामले में नंबर-1

**नई दिल्ली,16 फरवरी 2025।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम 15 फरवरी को दुबई पहुंच गई। टीम इंडिया इस अहम टूर्नामेंट में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बगैर खेलने मैदान पर उतरेगी जो अनफिट होने की वजह से नहीं खेल रहे हैं। हालांकि इसके बावजूद भारतीय टीम को खिताब जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह टीम इंडिया के बल्लेबाजों का फॉर्म में होना है। इंग्लैंड के खिलाफ हाल में ही खत्म हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से फॉर्म में दिखाई दिया जिसमें सबसे ज्यादा प्रभावित उपकप्तान शुभमन गिल ने किया जिनका तीनों ही मैच में बल्ला जमकर बोलते हुए दिखाई दिया। अब चैंपियंस ट्रॉफी में भी उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद सभी फैंस को होगी।





### गिल के पास हाशिम अमला का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका

शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में अपने करियर के 2500 रन पूरे किए थे, जिसमें तीसरे मुकाबले में उन्होंने ये आंकड़ा शतकीय पारी के दम पर हासिल किया था। गिल इस आंकड़े तक पहुंचने वाले अभी तक के वनडे क्रिकेट में सबसे तेज खिलाड़ी बने थे। वहीं अब चैंपियंस ट्रॉफी में शुभमन गिल के पास दिग्गज पूर्व साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज हाशिम अमला का एक और बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा। गिल यदि टूर्नामेंट में 413 रन और बनाने में कामयाब होते हैं तो वह वनडे में अपने 3000 रनों का आंकड़ा पूरा कर लेंगे। ऐसे में वह सबसे कम पारियों में ये मुकाम हासिल करने वाले खिलाड़ी बनेंगे।

गिल का फॉर्म देखते हुए फिलहाल अभी उनके लिए इसे हासिल करना बिल्कुल भी मुश्किल काम नहीं दिख रहा है। टीम इंडिया को जहां ग्रुप स्टेज में तीन मैच खेलने का मौका मिलेगा तो वहीं सेमीफाइनल और फाइनल तक का सफर यदि भारतीय टीम तय करती है तो ऐसे में कुल 5 मैच खेलेगी जिससे गिल के लिए इस रिकॉर्ड को तोड़ना काफी आसान हो जाएगा। हाशिम अमला ने वनडे में 3000 रनों का आंकड़ा 57 पारियों में पूरा किया था तो वहीं गिल ने अब तक 50 पारियों में 2587 रन बनाए हैं।

### पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे शुभमन गिल

आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने का सपना सभी खिलाड़ियों का होता है, जिसमें शुभमन गिल अपने करियर में दूसरी बार किसी लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट के आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हुए दिखाई देंगे। इससे पहले गिल ने साल 2023 में हुए वनडे वर्ल्ड कप में अपने करियर का पहला आईसीसी टूर्नामेंट खेला था। गिल का उसमें बल्ले से बेहतरीन फॉर्म दिखाई दिया था, ऐसे में अब चैंपियंस ट्रॉफी में भी सभी को कुछ ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद है। गिल मौजूदा समय के स्टार प्लेयर्स की गिनती में आते हैं, जिनका बल्ला चलने पर टीम की जीत पक्की मानी जाती है। भारतीय टीम को टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश की टीम के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलना है।

### रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए

## गुजरात,केरल,विदर्भ और मुंबई के टीमों में होगी जंग



**नई दिल्ली, 16 फरवरी 2025।** रणजी ट्रॉफी का रण अपने आखिरी चरण में पहुंच चुका है। जहां सेमीफाइनल की चारों टीमें तय हो गई हैं। सेमीफाइनल में गुजरात, केरल, विदर्भ और मुंबई की टीमों ने एंट्री मारी है। 17 से 21 फरवरी तक ये चारों टीमें फाइनल में जाने के लिए सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे, विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर, गुजरात के कैप्टन चिंतन गाजा और केरल के कप्तान सचिन बेबी हैं।

### आज से शुरू होंगे दोनों सेमीफाइनल मैच

पहला सेमीफाइनल मैच गुजरात और केरल के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला विदर्भ और मुंबई की टीम के बीच नागपुर के स्टेडियम में होगा। दोनों सेमीफाइनल मैच 17 फरवरी को भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे से शुरू होंगे।

### जियो हॉटस्टार ऐप पर आएगी लाइव स्ट्रीमिंग

रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले भारतीय क्रिकेट फैंस लाइव स्पोर्ट 18 पर देख सकते हैं। इसके अलावा लाइव स्ट्रीमिंग जियो हॉटस्टार ऐप पर उपलब्ध होगी। बस फैंस को इसके लिए अपने फोन में जियो हॉटस्टार ऐप डाउनलोड करना होगा और फिर वहां से मैचों का लुत्फ उठा सकते हैं।

### रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीमों का स्क्वॉयडः

**मुंबई की टीमः** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सूर्यकुमार यादव, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, अथर्व अंकोलेकर, हर्ष। तन्ना.

**विदर्भ की टीमः** अक्षय वाडकर (कप्तान और विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अमन मोखड़े, यश राठौड़, हर्ष दुबे, अक्षय कर्णेवार, यश कदम, अक्षय वाखरे, आदित्य ठाकरे, दर्शन नालकंडे, नचिकेत भुटे, सिद्धेश वाथ (विकेटकीपर), यश ठाकुर, दानिश मालेवार, पार्थ रेखाडे, करुण नायर, ध्रुव शौरी।

**गुजरात की टीम :** प्रियांक पांचाल, आर्या देसाई, सिद्धार्थ देसाई, मनन हिंगराजिया, जयमीत पटेल, उर्विल पटेल (विकेटकीपर),चिंतन गाजा (कप्तान), विशाल जयसवाल, रवि बिश्नोई, अर्जन नागवासवाला, प्रियजीतसिंग जडेजा, ऋषि पटेल, आदित्य उदयकुमार पटेल, रिंकेश वाघेला, उमंग कुमार, तेजस पटेल, हेमांग पटेल, हेत पटेल, क्षितिज पटेल

**केरल की टीमः** अक्षय चंद्रन, रोहन कुन्नुम्मल, शॉन रोजर, सचिन बेबी (कप्तान), जलज सक्सेना, सलमान निज़ार, मोहम्मद अज़हरुद्दीन (विकेटकीपर), आदित्य सरवटे, एमडी निधिश, नेदुमंकुझी बासिल, बासिल थम्पी, वैसाख चंद्रन, बाबा अपराजित, विष्णु विनोद, केएम आसिफ, फाजिल फानूस, वाथसल गोविंद, कृष्णा प्रसाद, आनंद कृष्णन

## चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद अब इस बड़े मैच से भी हुई धाकड़ भारतीय खिलाड़ी की छुट्टी



**नई दिल्ली, 16 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आगाज में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का 19 फरवरी से आगाज होगा जबकि भारतीय टीम 20 फरवरी से अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मैच खेलने उतरेगी। हाल ही में टीम इंडिया को उस वक्त बड़ा झटका लगा था जब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए। इसके अलावा युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड से बाहर कर दिया गया। अब यशस्वी जायसवाल को एक और बड़ा झटका लगा है। जायसवाल ट्रेनिंग के दौरान टखने में चोट लगने के कारण सोमवार, 17 फरवरी को नागपुर में विदर्भ के खिलाफ मुंबई के रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच से बाहर हो गए हैं। जयसवाल, जो मूल रूप से भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 टीम में थे, को बाद में बदलाव के रूप में बाहर कर दिया गया और टीम मैनेजमेंट ने उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया। हालांकि उन्हें नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में बरकरार रखा गया, लेकिन अब उनके स्वदेश लौटने की उम्मीद है। मुंबई सेमीफाइनल मैच के लिए जायसवाल के रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं करेगी, क्योंकि उनके पास पहले से ही अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं। इनमें से दुबे को भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में भी चुना गया है।

## दिल्ली ड्रिबलर्स ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई टाइटन्स की जीत का सिलसिला तोड़ा

**नई दिल्ली, 16 फरवरी 2025।** दिल्ली ड्रिबलर्स ने त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में मुंबई टाइटन्स की तीन गेम की जीत का सिलसिला तोड़ दिया। उन्होंने 88-84 से जीत हासिल की। ड्रिबलर्स ने पहले हाफ में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 59 अंक बनाए, लेकिन टाइटन्स ने दूसरे हाफ में वापसी करते हुए नाटकीय अंत किया। लैचलन बार्कर ने एक बार फिर 25 अंक बनाए, जबकि डेनियल पोल्स्मा ने महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल करते हुए 23 अंक बनाए। पीयूष मीना ने भी ड्रिबलर्स के लिए अपना पहला प्रदर्शन किया, जैसा कि इनबीएल की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है।



ड्रिबलर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बार्कर और जेम्स मोंटगोमरी के शुरुआती बास्केट से बढ़त हासिल की। लेकिन टाइटन्स ने गति बनाए रखी, आरोन वर्गीस ब्लेसन ने आक्रामक तरीके से पेंट पर हमला किया। दोनों टीमों ने रक्षा को मजबूत किया, जिससे टर्नओवर की झड़ी लग गई। बार्कर ने चार अंकों के शानदार खेल के साथ क्वार्टर का अंत किया, जिससे बढ़त आठ हो गई। दूसरे क्वार्टर के मध्य में, टाइटन्स का आक्रमण लड़खड़ा गया, और पोल्स्मा ने इसका पूरा फायदा उठाया, तीन-पॉइंटर्स लगाकर बढ़त को 15 तक पहुँचाया। बार्कर और पोल्स्मा ने लगातार अंक बटोरे, जिससे ड्रिबलर्स हाफटाइम में 25 अंकों की बढ़त के साथ पहुँच गए। तीसरे क्वार्टर में टाइटन्स ने वास्तविक धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया और रक्षात्मक तीव्रता को बढ़ाया। लोकेंद्र और डैल्फ पैनोपियो ने तेज ब्रेक और परिधि शॉट्स का फायदा उठाया, जिससे बढ़त कम होती गई। मोंटगोमेरी ने पेंट में संघर्ष किया, लेकिन टाइटन्स ने गति बनाए रखी। टाइटन्स अजेय थे क्योंकि उन्होंने 42 अंक बनाए और अंतिम क्वार्टर में बढ़त को 11 तक कम कर दिया। किट्टो ने टाइटन्स के लिए डीप थ्री के साथ चौथा ओवर खोला और ड्यूरेल मैकडोनाल्ड ने तीन पॉइंट खेलकर अंतर कम किया। ड्रिबलर्स को क्वालिटी शॉट खोजने में संघर्ष करना पड़ा, जिससे टाइटन्स ने गति को नियंत्रित किया और लीड को केवल दो तक सीमित कर दिया।

## पहले बोलीं आई लव यू फिर दी फ्लाइंग किस

### अभिषेक-ऐश्वर्या की लाडली आराध्या का वीडियो वायरल

ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन अक्सर ही सुर्खियों में रहती हैं। आराध्या इंडस्ट्री की उन स्टारकिड्स में से हैं, जिन पर हर किसी की नजर बनी रहती है। अमिताभ बच्चन की पोती अभी सिर्फ 13 साल की हैं, लेकिन पॉपुलैरिटी के मामले में बड़े-बड़ों को टक्कर देती हैं। सोशल मीडिया पर भी अक्सर आराध्या की तस्वीरें-वीडियो चर्चा में बने रहते हैं। इसी कड़ी में उनका एक वीडियो चर्चा में है, जिसमें वह किसी इवेंट में नजर आ रही हैं। आराध्या के हाथ में फोन है और वह किसी का वीडियो बनाती नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या-अभिषेक की बेटी का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



### चर्चा में आराध्या बच्चन का वीडियो

वीडियो में आराध्या ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं और किसी का वीडियो बनाती दिख रही हैं। इस दौरान वह काफी खुश लग रही हैं। सामने देखते हुए वह जोर से आई लव यू चिल्लाती हैं और फिर फ्लाइंग किस भी देती हैं। आराध्या का वीडियो देखने के बाद कई यूजर पूछ रहे हैं कि आखिर स्टारकिड किसे आई लव यू कह रही हैं और फ्लाइंग किस दे रही हैं? वीडियो में आराध्या किसी और को नहीं बल्कि अपनी मम्मा यानी ऐश्वर्या राय बच्चन को आई लव यू बोल रही हैं और उन्हें ही फ्लाइंग किस भी दे रही हैं। आराध्या का ये वीडियो कुछ महीने पुराना है। स्टारकिड अपनी मां ऐश्वर्या राय के साथ 2024 में दुबई में आयोजित हुए सिम्मा अवॉर्ड सेरेमनी में पहुंची थीं। इस अवॉर्ड सेरेमनी में ऐश्वर्या राय बच्चन को पोन्नियन सेल्वन-सेकण्ड के लिए बेस्ट एक्ट्रेस इन लीडिंग रोल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।



### नीसा को पहली बार देखने पर ऐसा था रिएक्शन

तब्बू और अजय देवगन बॉलीवुड के उन कलाकारों में से हैं, जिनके बीच का रिश्ता इनके प्रोफेशन से बढ़कर है। दोनों इंडस्ट्री के सबसे अच्छे दोस्तों में गिने जाते हैं और इनकी दोस्ती सालों से कायम है। ऑनस्क्रीन तो इनकी कैमेस्ट्री फैंस का दिल जीत ही लेती है, ऑफ स्क्रीन भी दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए खड़े रहते हैं। तब्बू और अजय देवगन रियल लाइफ में लंबे समय से दोस्त हैं। दोनों के बीच का बॉन्ड इनके इंटरव्यू में भी देखने को मिल जाता है। इस बीच सोशल मीडिया पर तब्बू का एक वीडियो चर्चा में है, जिसमें अभिनेत्री बता रही हैं कि जब उन्होंने अपने दोस्त अजय देवगन और काजोल की बेटी नीसा को पहली बार देखा तो उनका रिएक्शन कैसा था।

### तब्बू और अजय देवगन की दोस्ती

तब्बू को इस वीडियो में अजय देवगन की शादी और फिर उनकी बेटी नीसा के जन्म पर अपने इमोशन्स शेयर करते देखा जा सकता है। वीडियो में तब्बू कहती हैं...अजय की शादी

## जब अजय देवगन की बेटी से मिलीं तब्बू

हो गई थी और फिर उसकी बेटी हुई। मुझे लगा ये बाप बन गया है। मैं अब तक इस बात को स्वीकार नहीं कर पाई हूं। इसके बाद तब्बू बताती हैं कि अजय और काजोल की बेटी नीसा को पहली बार देखने पर उनका रिएक्शन कैसा था।

### जब तब्बू ने नीसा को पहली बार देखा

तब्बू आगे कहती हैं- और फिर मैंने पहली बार नीसा को देखा। वो फना के शूट में आई थी। तब वो बहुत छोटी थी। मैंने उसे जब देखा, मेरी आंखों में आंसू आ गए। लगा- ओह माय गॉड ये मेरे दोस्त की बेटी है। वो जैसे चलती है, बात करती है...मेरी मां ऐसी थीं कि हे भगवान ये तो अजय की कार्बन कॉपी है। अजय से अपने बॉन्ड के बारे में बात करते हुए तब्बू कहती हैं- हम एक-दूसरे को तब से जानते हैं, जब हम 12-13 साल के थे। वो मेरे भाई के बचपन का दोस्त है, तो हम साथ ही बड़े हुए हैं। मैं उसे फिल्मों के जरिए नहीं जानती, इसीलिए हमारे बीच की इक्वेशन अलग है।

### फना में तब्बू ने निभाया था ये रोल

इंटरव्यू के दौरान अजय देवगन भी तब्बू के बगल में खड़े नजर आए, जो हंसते हुए एक्ट्रेस की बातें सुन रहे थे। बता दें, 2003 में रिलीज हुई फना में काजोल और आमिर खान लीड रोल में थे। फिल्म में तब्बू भी अहम रोल में थीं। उन्होंने फिल्म में डॉक्र मालिनी त्यागी का किरदार निभाया था। इन तीनों स्टार्स के अलावा ऋषि कपूर, किरण खेर, सनाया इरानी और श्रुति सेठ भी इस फिल्म में नजर आए थे।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ में चुनाव सम्पन्न वाले जगह पर आचार संहिता समाप्त




**जहां चुनाव बाकी है उन जगहों पर रहेगी अभी जारी रहेगी**

**रायपुर,16 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर 20 जनवरी से आचार संहिता लागू किया गया था, जिसे आज 15 फरवरी को नगर निगमों, नगर निकाय और नगर पंचायत चुनावों के परिणाम आने के बाद आचार संहिता समाप्त कर दिया गया है। लेकिन जहां चुनाव होने वाले है वहां आचार संहिता लागू रहेगा।

### सरकारी विभागों के अनाप शनाप खर्च पर रोक



**28 के बाद नहीं कर सकेंगे खरीदी**

**रायपुर,16 फरवरी 2025(ए)।** वित्त विभाग ने सरकारी विभागों के अनाप शनाप खर्च पर रोक लगा दी है। संबंध में जारी निर्देशों के तहत वित्त सचिव ने कहा है कि विभाग 28 फरवरी के बाद खरीदी नहीं कर सकेंगे। उसके बाद आवश्यक होने पर वित्त विभाग की अनुमति से ही खरीदी हो पाएगी ।

### कलेक्टर्स,एसपी से बीजेपी सरकार हुई नाराज

**रिमाइंडर के बाद अगर सुधार नहीं तो फिर सीएम सचिवालय दिखाएगा सख्ती**

**रायपुर,16 फरवरी 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक जनवरी को मंत्रालय में अफसरों की टाईमिंग और काम करने के तरीके पर तल्खी दिखाई थी, उसके बाद नया रायपुर की स्थिति में काफी सुधार आया है। ज्ञातव्य है, बैठक में मुख्यमंत्री ने यहां तक कह दिया था कि पांच दिन का हफ्ता हो गया है, उसमें भी आपलोग ढंग से काम नहीं करोगे तो फिर क्या मतलब।मुख्यमंत्री के इतना बोलते ही सीएम सचिवालय हरकत में आया और महीने भर में ये स्थिति है कि दोपहर 12 बजे से पहले मंत्रालय नहीं पहुंचने वाले अफसर भी आजकल दस बजे हाजिर हो जाते हैं। कई अधिकारी टाईमिंग को लेकर इतने संजीदा हो गए हैं कि निर्धारित टाईम से पांच-दस मिनट पहले अपने चेम्बर में बैठ जा रहे।

# सीएम साय ने 31 दिव्यांगजन जोड़ों का कराया विवाह

## दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह समारोह में सीएम ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद





**रायपुर,16 फरवरी 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के द्वारा आयोजित दिव्यागजन सामूहिक विवाह समारोह में 31 दिव्यांग जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखी वैवाहिक जीवन की मंगलकामना करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और दिव्यांगजनों के उत्थान का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यह आयोजन भी देवतुल्य दिव्यांगजनों की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने परिषद द्वारा विगत अनेक वर्षो से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने की सराहना की और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली पहल बताया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह आयोजन को समाज में समावेशिता और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि यह सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल 31 नवविवाहित दिव्यांग जोड़ों के लिए नई शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि यह समाज को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की प्रेरणा भी देता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को 50,000 रुपये की सहायता दी जाती है। यदि पति-पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, तो दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत उन्हें एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

### मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और निःशक्तजनों की सेवा करना एक सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी स्वयंसेवी संगठनों को इस तरह के सामाजिक समरसता बढ़ाने वाले आयोजनों के लिए प्रेरित किया और आयोजन समिति को भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

### महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक इस योजना की 12 किश्तें जारी की जा चुकी हैं, जिससे प्रदेश की माताओं और बहनों को आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज का आधार स्तंभ हैं। वे न केवल परिवार को जोड़ती हैं, बल्कि संस्कारों की वाहक भी होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना ने एक दशक पूरा कर लिया है, जिससे बालिकाओं के सशक्तिकरण में अभूतपूर्व सफलता मिली है।

### सामूहिक विवाहःसामाजिक समरसता की मिसाल

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सामूहिक विवाह अब सामाजिक परंपरा का हिस्सा बन गए हैं और इससे समाज में जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने इस आयोजन में कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज, मारवाड़ी युवा मंच, सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम जैसी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के योगदान की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं।

### नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा, ÷आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहे, आप प्रेम और विश्वास के साथ आगे बढ़ें। मैं सभी नवविवाहित जोड़ों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

# नगरीय निकायों में तीन मार्च से पूर्व करना होगा पहला सम्मेलन

**सम्ममेलन के बाद ही हटेंगे प्रशासक,फिर बनेगी एमआईसी**




**रायपुर,16 फरवरी 2025(ए)।** प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के चुनाव परिणाम और गठन की अधिसूचना रविवार को ही राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रकाशित कर दी। नगरीय प्रशासन विभाग के सूत्रों के मुताबिक इसके बाद अगले 15 दिनों के भीतर सभी निकायों के पहले सम्मिलन और सभी निर्वाचितों को सदस्यता की शपथ करानी होगी।

यह कार्रवाई संबंधित कलेक्टर और उनके सक्षम प्राधिकार कराएंगे। इसके उपरांत ही सभी निकायों से प्रशासक वापस लिए जाएंगे। और उसके बाद महापौर-अध्यक्ष, एमआईसी/पीआईसी का गठन कर सकेंगे। इससे पहले राज्य निर्वाचन आयोग ने मतगणना होने के तत्काल बाद केवल नगरपालिकाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता का प्रभाव शून्य कर दिया है।

आयोग ने बीते 20 जनवरी को चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए सभी संबंधित नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता लागू कर दिया था। इसी कड़ी में प्रदेश के 173 नगरीय निकायों हेतु 11 फरवरी को मतदान हुआ और 15 को मतगणना हुई।

### छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला


**आम लोगों की भलाई के लिए बनाए गए नियमों में निजी हित के लिए कोई जगह नहीं**



**बिलासपुर,16 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के स्थापना में काम करने वाले 15 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने पदोन्नति के लिए किए गए संशोधन नियमों को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल और ला सिकरेट्री को प्रमुख पक्षकार बनाया था। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है।डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में लिखा है कि किसी भी मामले में कोर्ट, न्यायिक समीक्षा की आड़ में, नियुक्ति प्राधिकारी की कुर्सी पर बैठकर यह निर्णय नहीं ले सकता कि नियोक्ता के लिए क्या उचित है। विज्ञापन या अधिसूचना की शर्तो की व्याख्या उसकी स्पष्ट भाषा के विपरीत नहीं कर सकता। डिवीजन बेंच ने यह भी लिखा है कि यह एक सुस्थापित कानून है कि यदि नियम, अधिसूचना या संशोधन आम आदमी की भलाई के लिए बनाए गए हैं, इससे किसी व्यक्ति को कठिनाई हो रही है, तो यह नियमों को रद्द करने का आधार नहीं हो सकता।

## महिला टीचर की गिरफ्तारी होगी

**प्रधानपाठक पीड़ित, स्टूडेंट्स ने बताई सच्चाई**



**गौरेला,16 फरवरी 2025 (ए)।** गौरेला ब्लॉक के धनौली गांव में एक महिला शिक्षिका की दबंगई का मामला सामने आया है, जहां सहायक शिक्षिका अर्चना टोप्पो ने स्कूल के प्रधानपाठक भीष्म त्रिपाठी की चप्पल से पिटाई कर दी। यह घटना उस समय हुई जब प्रधानपाठक ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (17 फरवरी) के लिए मतदान केंद्र बनाए जाने की तैयारी के तहत स्कूल का फर्नीचर एक तरफ रखवा दिया था। इसी बात से नाराज होकर शिक्षिका ने उनके साथ गाली-गलौज और हाथापाई की।

मतदान केंद्र की तैयारी के लिए प्रधानपाठक भीष्म त्रिपाठी ने स्कूल के फर्नीचर को व्यवस्थित करवाया।इसी दौरान वहां पदस्थ सहायक शिक्षिका अर्चना टोप्पो पहुंची और प्रधानपाठक से विवाद करने लगी।शिक्षिका ने अचानक प्रधानपाठक को चप्पल से मार दिया और दोबारा मारने का प्रयास किया। इस पूरी घटना का प्रधानपाठक ने वीडियो बना लिया और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। जब संकुल अधिकारी मौके पर पहुंचे, तब भी शिक्षिका ने प्रधानपाठक से अभद्रता की।

मामले की शिकायत गौरेला थाना और कलेक्टर से की गई है। जांच अधिकारियों ने छात्रों से भी पूछताछ की, जिसमें शिक्षिका द्वारा चप्पल से मारने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## एजाज ढेबर के कार्यकाल की होगी जांच





**महापौर मीनल चौबे ने दिए संकेत**

**रायपुर,16 फरवरी 2025 (ए)।** रायपुर नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने प्रचंड जीत दर्ज की है। महापौर पद पर बीजेपी की उम्मीदवार मीनल चौबे ने कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे को 1 लाख 53 हजार 290 वोटों से हराया। वहीं, 70 में से 60 वार्डों में बीजेपी के पार्षदों ने जीत हासिल की, जिससे पार्टी को नगर निगम में स्पष्ट बहुमत मिल गया है।

**एजाज ढेबर के कार्यकाल की जांच के संकेत**

चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद महापौर निर्वाचित हुईं मीनल चौबे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल की सभी फाइलों की जांच होगी। टेंडर प्रक्रिया, विकास कार्यों और वित्तीय अनियमितताओं की बारीकी से पड़ताल की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष में रहते हुए बीजेपी ने जिन घोटालों और गड़बड़ियों के आरोप लगाए थे, अब सत्ता में आने के बाद उनकी जांच करवाई जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।



## ग्रामीणों ने किया पंचायत चुनाव का बहिष्कार

**धान का भुगतान नहीं करने का आरोप**

**राजनांदगांव,16 फरवरी 2025 (ए)।** जिले के किसानों ने पंचायत चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। सोसाइटी में बेचे गए धान का भुगतान नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी है जिसको लेकर उन्होंने वोट नहीं देने की बात कही है। जिला किसान संघ के अध्यक्ष सुदेश टीकम के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर चेतावनी दी है कि या तो धान का पूरा भुगतान करें या फिर वे पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इसी मुद्दे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका ने भी बड़ी संख्या में किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि 19 से 31 जनवरी के बीच धान बेचने वाले किसानों को समर्थन मूल्य और अंतर राशि तत्काल दी जाए। पूर्व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष और विधायक भुनेश्वर बघेल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 72 घंटे में भुगतान का वादा करने वाली सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। किसान न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक रूप से भी परेशान हैं।

## धर्मांतरण के आरोप में बजरंग दल ने बंद कराई प्रार्थना सभा

**अमलेश्वर में मचा बवाल, वाहनों में किया तोड़फोड़**



**दुर्ग,16 फरवरी 2025 (ए)।** राजधानी रायपुर से सटे अमलेश्वर इलाके में धर्मांतरण के आरोपों को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शीतला मंदिर वार्ड में चल रही एक प्रार्थना सभा को बंद करा दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। वहीं वाहनों में तोड़फोड़ भी किया गया है।अमलेश्वर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 में विनय साहू के घर पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। इस सभा में करीब 80 लोग शामिल थे, जिनमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थीं। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को जब इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने धर्मांतरण की आशंका जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया और प्रार्थना सभा को बंद करा दिया। बताया जा रहा है कि यह पहली बार नहीं है जब विनय साहू के घर पर धर्मांतरण को लेकर विवाद हुआ है। करीब एक साल पहले भी इसी स्थान पर इसी तरह की घटना हुई थी, लेकिन तब से कोई सबक नहीं लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही अमलेश्वर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## कांग्रेस ने निगम एवं नगरीय निकाय चुनाव में हारने का दोष फिर ईवीएम पर मढ़ा

**दीपक बैज ने वीवीपैट मशीन का उपयोग नहीं करने पर उठाए सवाल**



**रायपुर,16 फरवरी 2025 (ए)।** नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार की वजह क्या थी इस पर मंथन अभी शुरू ही हुआ है। इसी बीच प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बड़ा बयान दिया है। दीपक बैज ने ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन का उपयोग नहीं किए जाने को लेकर सवाल उठाया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने एकजुट होकर यह चुनाव लड़ा, लेकिन अपेक्षा के अनुसार परिणाम नहीं मिले। भाजपा को मिली जीत पर दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि सत्ता का दुरुपयोग भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव में किया। दीपक बैज ने ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन का उपयोग नहीं किए जाने को लेकर सवाल उठाया है।दीपक बैज ने कहा सुप्रीम कोर्ट की इसको लेकर साफ गाइडलाइन है कि ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन का उपयोग किया जाना चाहिए। मतदान के दिन ईवीएम मशीनों में आई दिक्कतों को लेकर भी दीपक बैज ने सवाल उठाया है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी कांग्रेस को घेरा उन्होंने कहा कांग्रेस कभी संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं करती। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है और कांग्रेस यह बात कबूल नहीं कर रही, बल्कि भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भाजपा की ओर से भी आई। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा। हार के बाद कांग्रेस अक्सर ईवीएम पर दोष देने लगती है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)